'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

City24News
शहर आपका, खबर आपकी
Digital Media Platform
- News app
- Online E-Paper
- News Portal
- Youtube
- Facebook
- Instagram
- Twitter
- Tumbler
- Reddit

वर्ष 1, अंक 15 पेज 8 | शुक्रवार 15 मार्च, 2024 | TITLE CODE : HARHIN11569

# मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिले नायब सिंह सैनी

**हरियाणा से लोकसभा की सभी सीटों पर खिलेगा कमल, जनता मन बना चुकी: नायब सिंह सैनी**

**बोले, कांग्रेस के कुशासन और भ्रष्टाचार को भूली नहीं जनता**






**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई दिल्ली, 14 मार्च।** हरियाणा के मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार गुरुवार को श्री नायब सिंह सैनी दिल्ली पहुंचे और महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले।

प्रधानमंत्री से मिलने के बाद मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर गरीब परिवारों तक लाभ पहुंचाने का काम किया है। लोकसभा चुनाव में तीसरी बार फिर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी, ऐसा देश की जनता फैसला ले चुकी है। हरियाणा की जनता भी लोकसभा चुनाव में सभी 10 सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की झोली में डालने का काम करेगी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आशीर्वाद मिला है और कई विषयों पर चर्चा हुई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सोच है कि सभी को साथ लेकर देश को आगे बढ़ाया जाए। उनके नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने पिछले दस वर्षो में जो काम किए है, उनसे देश और प्रदेश में नया भारत-नया हरियाणा, विकसित भारत-विकसित हरियाणा आज लोगों को नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में बहुत विकास हुआ है और गुड गर्वेनेंस का उदाहरण रहा है। हम उन कार्यों को आगे बढ़ाएंगें।

मंत्रीमंडल विस्तार को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस मामले में चर्चा हुई है। जल्द इस विषय को आगे बढ़ाया जाएगा। पूर्व गृह मंत्री श्री अनिल विज के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि विज साहब हमारे वरिष्ठ नेता है और उनका आर्शीवाद हमारे साथ है। कल भी विधानसभा में हम साथ थे।

एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लोकसभा की छह सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है और बाकी चार की भी जल्द ही घोषणा हो जाएगी। इसके साथ उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में जनता सभी 10 सीटों पर कमल खिलाने का मन बना चुकी है। श्री नायब सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस के कुशासन को भूली नहीं है, तब एक गैस सिलेंडर के लिए तीन दिन तक लाइन में लगना पड़ता था और हर मामले में भ्रष्टाचार चरम पर था।

जननायक जनता पार्टी से गठबंधन टूटने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बारे में जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उच्च स्तर पर निर्णय लिया गया है। यह गठबंधन संगठन स्तर पर नहीं था।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री नायब सिंह ने लिया आशीर्वाद**

हरियाणा के नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर गरीब परिवारों तक लाभ पहुंचाने का काम किया है। लोकसभा चुनाव में तीसरी बार फिर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी, ऐसा देश की जनता फैसला ले चुकी है। हरियाणा की जनता भी लोकसभा चुनाव में सभी 10 सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की झोली में डालने का काम करेगी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात के बाद हरियाणा भवन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आशीर्वाद मिला है, कई विषयों पर चर्चा हुई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि सभी को साथ लेकर देश को आगे बढ़ाया जाए। उनके नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार ने पिछले साढ़े नौ वर्षो में जो काम किए है, उनसे देश और प्रदेश में नया भारत-नया हरियाणा, विकसित भारत-विकसित हरियाणा आज लोगों को नजर आ रहा है। हरियाणा में श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में बहुत विकास हुआ है और गुड गर्वेनेंस का उदाहरण रहा है। हम उन कार्यों को आगे बढ़ाएंगें।

मंत्रीमंडल विस्तार को लेकर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने कहा कि इस मामले में चर्चा हुई है। जल्द इस विषय को आगे बढ़ाया जाएगा। पूर्व गृह मंत्री श्री अनिल विज के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि विज साहब हमारे वरिष्ठ नेता है और उनका आर्शीवाद हमारे साथ है। कल भी विधानसभा में हम साथ थे।

एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लोकसभा की छह सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है और बाकी चार की भी जल्द ही घोषणा हो जाएगी। इसके साथ उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में जनता सभी 10 सीटों पर कमल खिलाने का मन बना चुकी है। श्री नायब सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस के कुशासन को भूली नहीं है, तब एक गैस सिलेंडर के लिए तीन दिन तक लाइन में लगना पड़ता था और हर मामले में भ्रष्टाचार चरम पर था।

जननायक जनता पार्टी से गठबंधन टूटने के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बारे में जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उच्च स्तर पर निर्णय लिया गया है। यह गठबंधन संगठन स्तर पर नहीं था।

# नारी सताए तीन मिटे, रावण, कौरव, कंस, ब्राह्मण सताए सब मिटे धन, वैभव और अंश, सदन में बोले नीरज शर्मा

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़/फरीदाबाद, 14 मार्च।** 13 मार्च 2024 को नई सरकार के गठन के बाद विधानसभा में विधायक नीरज शर्मा ने सरकार के विरोध में बोलते हुए कहा कि मनोहर लाल को सुनाते हुए कहा कि नारी सताए तीन मिटे, रावण, कौरव, कंस, ब्राह्मण सताए सब मिटे धन, वैभव और अंश।

निर्दलीय विधायको को लेकर सदन में बोले विधायक नीरज शर्मा। सदन मे कहा कि गठबंधन टूटने के बाद निर्दलीय विधायको में काफी उम्मीद है। लेकिन सरकार के बनने के बाद ऐसा ना हो कि इनकी स्थिति शेर की जगह शेरू के जैसी जो जांए।



विधायक नीरज शर्मा ने सदन में सरकार को चैतावनी देते कहा कि अभी तो आपके पास संख्या बल है जो आप सरकार बना रहे है लेकिन जब जनता के बीच में लोगो से वोट मांगने जाओगे तो आपको पता चलेगा कैसे जनता लाईनो में लगी पडी है किसी विधवा की पैशन कट गई, कोई परिवार पहचान पत्र से परेशान है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर तंज कसते हुए सदन में बोले विधायक नीरज शर्मा।

इतना घमंड भी अच्छा नही होता, पद पर रहते हुए मुझे एक सरकार कार्यक्रम में आने से रोक दिया, लेकिन प्रभु की लीला देखो कहा-2 जाने से रोक दिया।

# चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एसबीआई से मिले चुनावी बॉन्ड का डेटा वेबसाइट पर किया अपलोड

**सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को मंगलवार शाम तक इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा डेटा सौंपने को कहा था। एसबीआई ने मंगलवार शाम 5.30 बजे चुनाव आयोग को डेटा सौंप दिया था। इसके बाद चुनाव आयोग ने गुरुवार को इसे सार्वजनिक किया।**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) से मिला डेटा गुरुवार को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को मंगलवार शाम तक इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा डेटा सौंपने को कहा था। एसबीआई ने मंगलवार शाम 5.30 बजे चुनाव आयोग को डेटा सौंप दिया था. इसके बाद चुनाव आयोग ने गुरुवार को इसे सार्वजनिक किया। 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने बैंक को फटकार लगाई थी और 12 मार्च शाम तक यह डिटेल देने का निर्देश दिया था।

सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान बेंच ने 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड की बिक्री पर रोक लगा दी थी. साथ ही एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से अब तक खरीदे गए इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी 6 मार्च तक इलेक्शन कमीशन को देने का निर्देश दिया था. 4 मार्च को एसबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर इसकी जानकारी देने के लिए 30 जून तक का वक्त मांगा था।

इसके बाद एडीआर यानी एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने 7 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के खिलाफ अवमानना याचिका दायर कर दी थी। एडीआर ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने के लिए एसबीआई का 30 जून तक की मोहलत मांगना इस प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठाता है। एडीआर ने तर्क दिया कि एसबीआई का आईटी सिस्टम इसे आसानी से मैनेज कर सकता है। हर बॉन्ड में एक यूनीक नंबर होता है. इसके जरिए रिपोर्ट तैयार कर इलेक्शन कमीशन को दी जा सकती है।

इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी देने से जुड़े केस में एसबीआई की याचिका पर सोमवार (11 मार्च) को सुप्रीम कोर्ट ने करीब 40 मिनट सुनवाई की थी। एसबीआई ने कोर्ट से कहा था- बॉन्ड से जुड़ी जानकारी देने में हमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसके लिए कुछ समय चाहिए। इस पर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने पूछा- पिछली सुनवाई (15 फरवरी) से अब तक 26 दिनों में आपने क्या किया? सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा- एसबीआई 12 मार्च तक सारी जानकारी का खुलासा करे।

# माल लगा है घटने- खैरात लगी है बंटने

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** वर्तमान में चुनावी माहौल सभी राजनीतिज्ञों के सिर चढ़कर बोल रहा है। अब वह जनता की बात करने लगे हैं। धड़ाधड़ उद्घाटन, शिलान्यास किए जा रहे हैं, नई-नई योजनाएं घोषित की जा रही हैं और यह सब शायद इसलिए किया जा रहा है ताकि जनता को भरमा सके और अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए भावनात्मक रूप से ठग सकें।

कहने को तो हमारा देश विश्व का सबसे बड़ा प्रजातंत्र है परंतु वास्तव में यदि जमीनी सच्चाई पर नजर डालकर विचार किया जाए तो यह दिखाई देता है कि आम नागरिक की कहीं कोई सुनवाई नहीं है लेकिन फिर भी कहा लोकतंत्र ही जाता है। जिसमें कहा जाता है कि जनता द्वारा, जनता के लिए, जनता का परंतु धरातल पर राजनीतिज्ञों को जनता की याद चुनाव के समय ही आती है। अब जनता को यह सोचना होगा कि जिस व्यक्ति को पिछले साढ़े चार साल में हमारी याद नहीं आई वह तीन महीने में हमारे भले की बात कर क्या सत्तारूढ़ होने पर फिर अपने पुराने रवैये पर नहीं आ जाएगा?

अब सबकी किस्मत तो भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नायब सैनी जैसी होती नहीं कि 2022 सितंबर-अक्टूबर में उनकी पत्नी जिला परिषद चुनाव में चौथे स्थान रहती है और अब वह प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं तो अब आप यह अनुमान लगाईए, इसमें जनता का कितना योगदान है?

अत: मैं तो यही कहना चाहूंगा कि अपना वोट किसी से प्रभावित होकर न दें, अपने विवेक से अच्छे व्यक्तियों का चुनाव करें।



# बूथों को और मजबूत करने में जुट जाए भाजपा कार्यकर्ता : कृष्णपाल गुर्जर

## तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी बनाने पर भाजपा नेता दीपक डागर ने दी कृष्णपाल गुर्जर को बधाई



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद कृष्णपाल गुर्जर को लगातार तीसरी बार फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा का टिकट मिलने से भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। इसी कड़ी में पृथला विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दीपक डागर ने अपने साथियों के साथ केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के सेक्टर-28 स्थित कार्यालय पहुंचकर उन्हें टिकट मिलने पर बधाई दी और उनका मुंह मीठा कराया।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद' 'भाजपा पार्टी जिंदाबाद' 'कृष्णपाल गुर्जर जिंदाबाद' के गगनचुंबी नारे लगाकर पूरे माहौल को भाजपामय कर दिया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वह पूरी तरह से खरा उतरेंगे और इस बार नया रिकार्ड बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे। श्री गुर्जर ने कहा कि कार्यकर्ता चुनावों की तैयारी में जुट जाए और बूथों को और मजबूत करें क्योंकि बूथ मजबूत होगा, तभी हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को साकार कर पाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह पार्टी द्वारा दस वर्षो के दौरान जनहित में किए गए विकास कार्यो का ब्यौरा जन-जन तक पहुंचाकर लोगों को जागरुक करने का काम करें। इस अवसर पर भाजपा नेता दीपक डागर ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर को विश्वास दिलाया कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में मोदी जी के 400 पार के नारे को सार्थक करने में कोई कसर बाकि नहीं छोड़ेगा और रही बात पृथला क्षेत्र की तो पूरी नौ विधानसभाओं में श्री गुर्जर को सबसे ज्यादा वोटों से हम पृथला क्षेत्र से विजयी बनाकर भेजेंगे। उन्होंने दावा किया कि इस बार कृष्णपाल गुर्जर दस लाख से अधिक वोटों के मार्जिन से जीत दर्ज करके पूरे देश में नया इतिहास रचने का काम करेंगे।

# बड़खल झील के नवीनीकरण सहित मूलभूत विकास के लिए सरकार ने कोई कसर नहीं छोड़ी : सीमा त्रिखा

## विधायक ने किया 99 लाख रुपये की धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य का शिलान्यास



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** बड़खल की विधायक सीमा त्रिखा ने कहा कि सरकार की ओर से गरीबों के लिए जितनी अधिक योजनाएं बना कर उन्हें क्रियानवित किया जा रहा है। सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील है। विधायक सीमा त्रिखा आज वीरवार वार को एसजीएम नगर और सैक्टर-48 में 99 लाख रुपये की धनराशि के विकास कार्यों की आधारशिला रख कर विधान सभा क्षेत्र में विकास कार्यों को सौगात दे कर उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि यह सभी विकास कार्य अगले तीन माह में हर हाल में पूरे करवाए जाएंगे। श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि बड़खल विधान सभा क्षेत्र की जनता को आरएमसी रोड बिजली, पक्की सडक़ सिवरेज, मीठे पानी की सप्लाई और इंटर लाकिगं टाइलों से सहित लोगों को तमाम मूलभूत विकास कार्यों की सौगात पिछले 10 सालों में मिली हैं। बड़खल विधान सभा क्षेत्र में केंद्र व प्रदेश सरकार ने विकास कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। एशिया की प्रमुख बड़खल झील के नवीनीकरण के क्रियान्वयन सहित गत 10 वर्षों में केंद्र व प्रदेश की सरकार ने समाज के वंचित लोगों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार अन्त्योदय के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य कर रही है। इस अवसर पर श्री भगवान सिंह मेहता, श्याम सुन्दर शर्मा, मुकेश सोनी, टी एन सिंह कृष्ण कुमार, सोनू मेहता, सत्येंद्र पांडे, कर्मवीर बैसला, गुलशन भारद्वाज, मनोज पांडे, टीएन सिंह, गंगा सहाय, कपिल शर्मा ,सोनू बजरंगी, सरदार खान, राकेश मेहता, करमवीर बैंसला, सत्येंद्र पांडेय, वाइस प्रेसिडेंट आरडब्लूए सैक्टर-48 मनोज पांडेय सहित अन्य गणमान्य नागरिक व अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# भारी मतों से विजयी होंगे कृष्णपाल गुर्जर : विनोद भाटी

## कृष्णपाल गुर्जर को टिकट मिलने पर भाजपाईयों में जश्न का माहौल



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अपेक्षा के अनुरूप फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कृष्णपाल गुर्जर को टिकट मिलते ही भाजपाइयों ने जश्न मनाया। एकदूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी प्रकट की। वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद भाटी, निवर्तमान पार्षद छत्रपाल, सुरेंद्र दत्ता, बलराज माहौर, बलवान शर्मा, प्रवीन शर्मा, गौरव चौहान, सत्यदेव, महेश माहौर, गोपी, मुकेश सैनी, उत्तम माहौर, अरूण सैनी, अजय शर्मा, सुभाष प्रधान ने कहा कि फरीदाबाद में कृष्णपाल गुर्जर का कोई मुकाबला नहीं है। पहले भी नहीं था और आगे भी नहीं रहेगा। यह उनका अभेद्द दुर्ग है। शुरू से ही तय था कि टिकट कृष्णपाल गुर्जर को ही मिलेगा इस वजह पहले से ही समर्थक चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। पूरे क्षेत्र में पहले से ही कहीं अधिक उनके पक्ष में माहौल है। अपने क्षेत्र के लिए उनके संघर्ष को जनता सम्मान करती है। वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद भाटी ने कहा कि कृष्णपाल गुर्जर इस बार पिछले चुनाव से भी काफी अधिक मतों से चुनावों में जीत हासिल करेंगे। पूरे क्षेत्र में भाजपा की लहर है। उन्हें टिकट मिलना ही था। डा. सुरेंद्र दत्ता का कहना है कि फरीदाबाद की नहीं प्रदेश की दस की दस सीटें भाजपा की झोली में होंगी। सभी सीटों से भाजपा प्रत्याशी भारी अंतर से जीत दर्ज करेंगे।

# आठ साल से आरडब्ल्यूए व निगम के विवाद को उच्च न्यायालय ने निपटाया



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद नगर निगम के पिछले 8 साल के आरडब्ल्यूए के साथ चल रहे विवाद का उच्च न्यायालय चण्डीगढ़ ने निपटान कर दिया है। गौरतलब है कि 4 फरवरी, 2016 को नगर निगम आयुक्त, आदित्य दहिया ने राजेन्द्र सिंह को सै0 17 में एक सरकारी आवास रहने के लिए अलॉट किया था वहां की आरडब्ल्यूए उक्त बेशकीमती सरकारी आवास की जमीन को अपने कब्जे में लेना चाहती थी। इसी कारण विवाद का दौर शुरू हो गया आरडब्ल्यूए के रसूक प्रभाव के चलते आयुक्त नगर निगम ने राजेन्द्र सिंह बंचारी को उक्त सरकारी आवास के बदले दूसरा आवास अलाट करने को कहा लेकिन राजेन्द्र सिंह बंचारी ने उस प्रस्ताव के अस्वीकार कर दिया। आरडब्ल्यूए ने अपने रसूक रूतबे प्रभाव के चलते फरीदाबाद कोर्ट में आरडब्ल्यूए याचिका दायर कर दी और उक्त सरकारी आवास को कैसिल कराने के आदेश पारित करा दिए उक्त आदेश की पालना में आयुक्त महोदया सोनल गोयल ने उक्त सरकारी आवास को खाली न करने पर उसको सील करा दिया। राजेन्द्र सिंह बंचारी ने उक्त आयुक्त के आदेश के विरूद्ध उच्च न्यायालय चण्डीगढ़ में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने याचिका पर तत्काल कड़ा संज्ञान लेते हुए सरकारी आवास को अविलम्ब सील तोडक़र याची को वापिस करने के आदेश पारित जारी कर दिए ओर याची का याचिका को मंजूर करते हुए उक्त सरकारी आवास में रहने के आदेश जारी किए। गौरतलब है कि सरकारी आवास की बाउडरी वाल ऊंची करने के लिए आयुक्त नगर निगम मोहम्मद शाईन ने ट्रैंडर जारी कर दिया उक्त टैंडर को रद्द करने के लिए वहां की आरडब्ल्यूए पुन न्यायालय में चली गई और न्यायालय के स्टे आर्डर जारी करा दिया राजेन्द्र सिंह बंचारी ने उक्त स्टे आर्डर के विरूद्ध सेंशन न्यायालय के स्टे आर्डर के विरूद्ध अपील दायर कर दी। सेंशन कोर्ट ने अपील को मंजूर करते हुए नगर निगम द्वारा अलॉट किए गये टैंडर पर उक्त सरकारी आवास की बाउंडरी वाल को ऊंची करने के आदेश पारित कर दिए।

# भारतीय कायस्थ महासभा महिला प्रकोष्ठ ने किया होली मिलन कार्यक्रम आयोजित



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला प्रकोष्ठ चित्रांशी क्लब द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन क्लब की सदस्य निभा लाल के निवास स्थान सेक्टर 21बी में जिला महिला अध्यक्ष मोना सक्सेना, जिला महिला महामंत्री पूनम श्रीवास्तव के संयोजन व विशेष रूप से जिला कार्यकारिणी के साथ सहयोग से किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की मार्गदर्शक रश्मि कुलश्रेष्ठ व अन्नपूर्णा लाल व परिवार की सबसे छोटी सदस्य परी ने भगवान चित्रगुप्त जी की पूजा करके की। जिला अध्यक्ष मोना सक्सेना ने आये हुए समस्त अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मेघना श्रीवास्तव, प्रदेश महिला अध्यक्ष ममता श्रीवास्तव, प्रदेश महिला अध्यक्ष शालिनी कुलश्रेष्ठ , प्रीती श्रीवास्तव, अलका कुलश्रेष्ठ, अंजू कुलश्रेष्ठ, जया चित्रांशी, रितिका चित्रांशी के साथ-साथ अन्य सदस्यों रश्मि कुलश्रेष्ठ, भावना सक्सैना,लीना सिन्हा, आभा,भावना, शैफाली मृदुला, संयुक्ता, अमृता,माला ,स्वेता, मधु अस्थाना राजीव लाल, ब्रजेन्द्र सक्सेना, कुलश्रेष्ठ आदि संगठन की महिलाओं ने सहभगिता रही। मेघना श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा कि जिला की टीम बहुत ही सराहनीय कार्य कर रही है। प्रधान मंत्री ने 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को दिया है उससे महिलाओं लाभानवित होने के लिए अपनी बौद्धिक क्षमता को सकारात्मक रूप से समाज में समर्पित करने की आवश्यकता है। समाज मे कार्य करने के लिए नेता बनने से अधिक एक कुशल लीडर बनने की आवश्यकता है। तभी हो सकेगा नारी समाज का वास्तविक विकास। साथ ही सफल कार्यक्रम की बधाई देते हुए कहा की समय समय पर सास्कृतिक कार्यक्रम आपसी मेल जोल के बढ़ाने का बहुत अच्छा माध्यम है इसी तरह निरंतरता बनाये रखिये और आगे बढ़ते रहिए। अपने परिवार समाज को अपने मातृत्व स्नेह से संस्कारो से सकारात्मकता प्रतिभाओं से सींचते रहिए। जिससे हमारा भारत ऐसा देश बने जिसमे नारी शक्ति बराबर की सहभगिता निभाये। प्रदेश से ममता जी शालनी जी आदि ने समस्त ठीक को कार्यक्रम की बधाई दी। जिला महामंत्री पूनम श्रीवास्तव ने आये हुए समस्त अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आप सभी का साथ स्नेह हमेशा ऐसे ही मिलती रहे।

# एक दिवसीय टीबी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** भारत सरकार की 2025 तक टीबी मुक्त भारत की मुहिम को सफल बनाने के प्रयासों से भारतीय रैडक्रॉस सोसाइटी, राष्ट्रीय मुख्यालय एवं हरियाणा राज्य शाखा के सँयुक्त तत्त्वावधान में जिला रैडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष विक्रम सिंह एवं सचिव बिजेंद्र सौरोत के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग फरीदाबाद तथा तेजिंदर सिंह मेमोरियल एवं एस्कॉर्ट मेडिकेयर फाउंडेशन के सहयोग से एक दिवसीय टीबी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन राणा फार्म हाउस, स्क्रैप मार्केट जीवन नगर पार्ट-2 गोंछी सोहना रोड, फरीदाबाद में किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए श्रीमती सुषमा गुप्ता, वाईस चेयरपर्सन, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा राज्य शाखा, चंडीगढ़ ने कहा कि भारत सरकार का मुख्य उद्देश्य देश को टी बी मुक्त करना है।

प्रधानमंत्री का विजन एक स्वस्थ भारत का निर्माण करना है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। हेल्थ चेकअप कैंप एवं स्क्रीनिंग कैंपों के माध्यम से लोगों में टीबी जैसी बीमारी का पता चलता है, जिसका समय रहते इलाज कराने में मदद मिलती है। अजय सोमवंशी, रैड क्रॉस संरक्षक व सी एस आर हेड विक्टोरा ऑटो प्राइवेट लिमिटेड शिविर का विधिवत रूप से शुभारम्भ किया। शिविर में 220 असहाय जन मानस की टीबी जाँच, आँखों, रक्तचाप, ब्लड शुगर, एचआईवी, हिमोग्लोबिन तथा जोड़ों की जांच की गई। उन्होंने रैडक्रॉस के इस मानव कल्याणकारी कदम की सराहना की और बताया कि मानव हित में कार्य करना आने आप में बहुत ही शुकुन की बात है। रैडक्रॉस मानव हित में कार्य करने वाली अंतराष्ट्रीय संस्था है। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव बिजेन्द्र सौरोत ने बताया कि रैडक्रॉस के उद्देश्य स्वास्थ्य-सेवा-मित्रता को मद्देनजर रखते हुए इन शिविरों का आयोजन किया गया है7 तपेदिक की बीमारी बहुत ही खतरनाक बीमारी है, परन्तु लाइलाज नहीं है इस बीमारी से सफल इलाज यही है कि पौष्टिक आहार ले और समय-समय पर अपनी जांच कराए। उन्होने बीमारी से बचाव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह रोग एक खतरनाक संक्रामक रोग है सही समय पर इसका इलाज नहीं होने पर यह जानलेवा हो सकती है। इसलिए अपने आप को इस बीमारी की चपेट में आने से बचाने के लिए आपको इसके बारे में पूरी जानकारी होना बहुत जरूरी है। जिससे आप खुद व अपने परिवार को इस जानलेवा रोग की चपेट में आने से बचा सकें। तेजिन्दर सिंह मेमोरियल की और से श्री दीपक एवं सेंटर की टीम द्वारा एक्सरे, दवाईयां व आई वैन की व्यवस्था कराई गई तथा टी बी अलर्ट इंडिया संस्था के द्वारा कैंप में एक्स रे की सुविधा उपलब्ध करवाई गयी। इस शिविर के सफल आयोजन मे पुरषोत्तम सैनी, डॉक्टर आर एस सैनी, एम डी (मेडिसिन) डॉ एल एस प्रेमी, प्रोजेक्ट मैनेजर सुशील कुमार, परताप सिंह, तपस्या मेहरा कार्यक्रम समन्वयक तेजेंद्र मेमोरियल हस्पताल व सुषमा गेरा, कौस्तुभ, रिया शर्मा, बृजमोहन शर्मा, प्रेम, रानी, परवीन आदि ने सहयोग किया। इस जांच शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ-साथ अस्पताल की टीम ने भी सहयोग किया।

# मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल की शिकायतों का हो शीघ्र निपटान : डीसी

## अंबेडकर आवास योजना में लंबित ना रहे कोई आवेदन, डीसी ने जारी किए निर्देश




**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा है कि राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारी मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर किसानों की फसल खराबा से संबंधित शिकायतों का मौके पर निरीक्षण कर उनकी रिपोर्ट सरकार के पास शीघ्र भिजवाएं।

डीसी आज लघु सचिवालय के सभागार में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर के साथ वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि गुरूग्राम जिला में मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर 30 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई थीं। जिन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके का मुआयना कर लिया गया है। आगे भी कोई शिकायत आए तो उस पर तुरंत कार्रवाई की जाए। इस आनलाइन बैठक में डा. भीमराव अम्बेडकर आवास योजना की समीक्षा की गई।

प्रधान सचिव वी. उमाशंकर ने निर्देश दिए कि डा. अंबेडकर आवास योजना में जो भी आवेदन लंबित हैं, उनका शीघ्रता से निपटारा किया जाए। इस डीसी निशांत कुमार यादव ने अधिकारियों को कहा कि अपने अपने क्षेत्र में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व बीडीपीओ अंबेडकर आवास योजना के आवेदनों का सत्यापन कर चंडीगढ़ रिपोर्ट भिजवाएंगे। इस अवसर पर एडीसी हितेश कुमार मीणा, एसडीएम सोनू भट्ट, एसडीएम विश्वजीत चौधरी, एसडीएम रविन्द्र कुमार, जिला राजस्व अधिकारी नरेश कुमार, तहसीलदार रीटा ग्रेवाल, नायब तहसीलदार आशीष, कृषि विभाग के उप निदेशक डा. अनिल तंवर इत्यादि मौजूद रहे।

# कृष्णपाल गुर्जर को टिकट मिलने पर बांटी मिठाई



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** बीजेपी की ओर से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर को लगातार तीसरी बार फरीदाबाद लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाए जाने पर वरिष्ठ समाज सेवी एवं बीजेपी कार्यकर्ता नरेंद्र जैन ने लड्डू बांट कर खुशी मनाई। नरेंद्र जैन ने कहा कि इस बार भी कृष्णपाल गुर्जर पिछली बार से भी ज्यादा रेकॉर्ड मतों से विजयी होंगे और फिर से केंद्र सरकार में मंत्री बनेंगे। बीजेपी ने कृष्णपाल गुर्जर की कार्यकुशलता से प्रभावित होकर उन्हें तीसरी बार मैदान में उतारा है। पार्टी ने गुर्जर को टिकट देकर कार्यकर्ताओं और फरीदाबाद की जनता की जनभावना का सम्मान किया है। इस बार भी फरीदाबाद में रिकॉर्ड विकास कार्य कराए जाएंगे।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के सम्बन्ध में जागरूकता कैम्प का आयोजन : एडीसी आनंद शर्मा




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में जिला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग केन्द्र, फरीदाबाद द्वारा बल्लभगढ़ स्थित खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में पीएम विश्वकर्मा योजना के संदर्भ में संरपचों एवं ग्राम सचिवों की उपस्थिति में जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। जिला एमएसएमई सेंटर के संयुक्त निदेशक द्वारा उक्त स्कीम के तहत आने वाले लाभार्थियों का चयन कर उन्हें योजना के लाभ व उसकी प्रक्रिय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत हस्त एवं औजार से पुस्तैनी तौर पर कार्य करने वाले 18 श्रेणियों के कारिगरों को शामिल किया गया। इसमें मुख्यत: लौहार, सुनहार, कुम्हार, बढई, राजमिस्त्री, मूर्तिकार, खिलौना निर्माता, नाई, दर्जी इत्यादि को स्कीम के तहत प्रदान किये जाने वाले लाभ जैसे विश्वकर्मा प्रमाण पत्र व पहचान पत्र, ज़रूरी प्रशिक्षण व आधुनिक औजार खरीदने के लिए 15,000 रूपये की एकमुश्त राशि ई-वाउचर के तहत प्रदान की जायेगी। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को अपना कार्य शुरू करने के लिए मात्र 5 प्रतिशत ब्याज दर पर बिना गारंटी पहली ऋण की किश्त 1 लाख रूपये बैंक के माध्यम से प्रदान की जायेगी तथा पहले ऋण की अदायगी उपरान्त द्वितिय ऋण की किश्त के तौर पर दो लाख रूपये का लोन दिया जायेगा। इस प्रकार प्रार्थी द्वारा कुल 3 लाख रूपये का लोन लिया जा सकता है। इस स्कीम का लाभ लेने के लिए प्राथी की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। इस अवसर पर श्री योगेश कुमार, जिला प्रबंधक, सी०एस०सी० ने पंजीकरण प्रकिया के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रार्थी को अपने नजदीकी सीएससी केन्द्र पर जा कर पीएम विश्वकर्मा पोंटल पर पंजीकरण व फार्म भरना होगा जोकि निशुल्क है। इस अवसर पर जिला सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग केन्द्र, फरीदाबाद से दिनेश कुमार शर्मा, जिला प्रबंधक, सीएससी केन्द्र योगेश कुमार, औद्योगिक विस्तार अधिकारी दीपक, सहायक हिमानी, लिपिक रवि एवं बल्लभगढ़ व तिगांव खण्ड के समस्त सरपंच एवं ग्राम सचिव उपसथित रहे।

# दुकानों के आगे कूड़ा फैंका तो कटेगा चालान : रेनू भाटिया



**हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने एनआईटी-1 मैन मार्किट में चलाया स्वच्छता पखवाड़ा**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा नगर निगम फरीदाबाद के सहयोग से हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने आज स्वच्छता पखवाड़ा तहत के एनआईटी एक की मार्किट में विधिवत तरीके से नारियल तुड़वाकर सफाई अभियान की शुरुवात की। इस अवसर पर महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा, एनआईटी मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा ने स्वयं झाडू लगाकर नागरिकों को सफाई अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना का आह्वान किया। यह अभियान एनआईटी 1-2 चौक से एनआईटी एक की मार्किट में मिलाप दवाखाना से होते हुए सिंह सभा गुरुद्वारा से सनातन धर्म हनुमान मंदिर से कल्याण सिंह चौक पर जाकर समाप्त हुआ।

महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया ने कहा कि इस सफाई अभियान की शुरुआत डबल्यू सिटी मंत्रालय से हुई है पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा बनाया जाएगा। उसी तर्ज पर हमने आज फ़रीदाबाद में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम किया है और आने वाले दो दिनों तक यह कार्यक्रम चलेगा। यह एक संदेश है सरकार की तरफ से कि जितनी स्वच्छता आमजन रखेंगे उतना हम निरोगता की और बढ़ेंगे। उन्होंने एनआईटी- 1 मैन मार्किट के दुकानदारों को स्वच्छता रखने की हिदायत दी और उन्हें कहा कि मकसद सिर्फ इतना ही है कि जहां भी जाओ स्वच्छता का ध्यान रखो। पॉलिथीन और पेपर बेग को सड़क पर नहीं फेंके बल्कि उन्हें अपने साथ रखें और कूड़ेदान में ही कचरे डाले। आज सभी दुकानदार अपने व्यस्त समय में से थोड़ा समय स्वच्छता के लिए अवश्य निकालें और स्वच्छता से जुड़े। दूकान के कूड़े को सड़क पर ना फेंके। अगर दुकानों के आगे कूड़ा फैंका तो चालान काटा जाएगा। स्वच्छता अभियान को केवल एक दिन की मुहिम न माने, बल्कि इसे निरंतर व्यवहार में लाकर अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। हमें अपने आस-पास तथा रहने के परिवेश को स्वच्छ बनाए रखने के साथ-साथ अपने विचारों को भी स्वच्छ बनाना होगा ताकि एक स्वच्छ व स्वस्थ भारत का निर्माण हो। जितनी बीमारियां कम होगी तो इंसान स्वस्थ रहेगा और उसे डॉक्टरों के पास नहीं जाना पड़ेगा जिससे उसके पैसों की बचत होगी।

जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने कहा कि हम सबका कर्तव्य बनता है कि एक समझदार नागरिक होने के नाते अपने आस पड़ोस को प्रदेश को साफ सुथरा बनाए रखे। इस से सफाई का वातावरण बनेगा और बीमारियां दूर रहेंगी जिस से आम जनमानस और शहरवासियों की तरक्की अच्छे से होगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि शहरवासियों को अपने घर के दाएं-बाएं पांच-पांच फुट तक सफाई का ध्यान रखें। इस से गंदगी अपनेआप दूर हो जाएगी और यह कदम जिम्मेदारी के साथ हर नागरिक को यह कदम खुद से उठाने का प्रयास करना चाहिए। इस से मन में साफ़ सफाई की भावना उत्पन होगी। इस अवसर पर एनआईटी मंडल अध्यक्ष अमित आहूजा सहित नगर निगम के अधिकारीगण और कर्मचारी मौजूद थे।

# डीसी विक्रम सिंह ने जिला के विधानसभा क्षेत्र में स्थापित स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने आज वीरवार को जिला के विधान सभा क्षेत्र में स्थापित स्ट्रांग रूम का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने एनआईटी-1 खान दौलतराम धर्मशाला, सेक्टर 16 गुर्जर भवन, पंजाबी भवन, सेक्टर- 14 डीएवी स्कूल और बल्लभगढ़ सेक्टर-02 श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविधालय में स्थापित स्ट्रांग रूम, बेरेगेटिंग और पार्किंग समेत दूसरी व्यवस्थाओ का निरीक्षण कर जायजा लिया। डीसी विक्रम सिंह ने निरीक्षण के दौरान सभी स्ट्रांग रूम पर मूलभूत सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था की जानकारी ली। सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को स्ट्रांग रूम में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने और अधिकारियों से वाहन पार्किंग और बैरिकेडिंग की व्यवस्था कराने और स्ट्रांग रूम में ईवीएम वीवीपैट रखने के लिए साफ-सफाई कराने का निर्देश दिए और कहा कि निर्वाचन कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मतदान के दौरान किसी भी मतदाताओं के साथ पोलिंग पार्टी को किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सारी सुविधाएं सुदृढ़ करें। उन्होंने विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से स्ट्रांग रूम केंद्रों पर साफ-सफाई, शौचालय सहित बिजली आदि मूलभूत सेवा-सुविधाओं की व्यवस्था को दुरूस्त रखने के कड़े निर्देश दिए। इस अवसर पर उनके साथ डीसीपी सेंट्रल जसलीन कौर, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल अमित मान, सीटीएम अंकित कुमार, प्राचार्य ऋतिका गुप्ता सहित सभी विभागों से सम्बंधित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100 दिनों की उलटी गिनती प्रारंभ: योग महोत्सव 2024




**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस -2024 की 100 दिनों की उलटी गिनती के उपलक्ष्य में आज विज्ञान भवन में योग महोत्सव-2024, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम महिला सशक्तिकरण के लिए योग के साथ मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रत्येक वर्ष 21 जून को मनाया जाता है। इस वर्ष 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा।

इस अवसर पर आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि योग महोत्सव 2024 का उद्देश्य महिलाओं की भलाई पर फोकस करने और वैश्विक स्वास्थ्य और शांति को बढ़ावा देने के साथ योग को एक व्यापक आंदोलन बनाना है। मंत्रालय ने पीसीओएस/पीसीओडी, तनाव प्रबंधन और इसी तरह की अन्य स्थितियों सहित महिलाओं को प्रभावित करने वाली विभिन्न स्थितियों पर सक्रिय रूप से अध्ययनों का समर्थन किया है, ताकि उनकी उम्र या स्थिति पर ध्यान दिए बिना महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया जा सके, साक्ष्य-आधारित अनुसंधान के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित किया जा सके। योग महिलाओं को सशक्त बनाने, उनके शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यातमिक कल्याण के लिए एक व्यापक साधन है। सशक्त महिलाएं नेताओं, शिक्षकों और परिवर्तन की भूमिकाएँ निभाती हैं, समाज में समावेशिता, विविधता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देती हैं।

यह कार्यक्रम एक पैनल चर्चा (योग और महिला सशक्तिकरण: विभिन्न आयाम), वाई-ब्रेक और योग प्रदर्शनों के साथ समाप्त हुआ।100 दिनों की उलटी गिनती का उद्देश्य प्रमुख योग संगठनों, योग गुरुओं और अन्य आयुष हितधारकों का समर्थन हासिल करके योग की पहुंच को अधिकतम करना है।

उद्घाटन समारोह का अन्य मुख्य आकर्षण मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा डिजिटल प्रौद्योगिकी के के साथ हासिल की गई हाल की उपलब्धि का प्रदर्शन था। इसमें उन्नत आईटी संपत्तियां- आयुष योग पोर्टल, मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान वेबसाइट, नमस्ते योग और वाई-ब्रेक ऐप शामिल हैं। ये उन्नत आईटी संपत्तियां आम आदमी तक आसान पहुंच के लिए सार्वजनिक डोमेन में, बस एक क्लिक की दूरी पर, द्विभाषी मोड में उपलब्ध होंगी। संशोधित मोबाइल ऐप्स में एक आधुनिक और देखने में आकर्षक यूजर इंटरफ़ेस डिज़ाइन है, जो व्यापक पहुंच के लिए एंड्रॉइड और आईओएस दोनों उपयोगकर्ताओं को पूरा करता है। ऐप्स व्यक्तिगत योग दिनचर्या, प्रगति ट्रैकिंग और ध्यान सत्र प्रदान करते हैं, जिसमें ताजा सामग्री, बग फिक्स और सभी डिवाइसों में बेहतर संगत के लिए नियमित अपडेट होते हैं, जो बेहतर प्रदर्शन और स्थिरता सुनिश्चित करते हैं।

एक दिवसीय योग महोत्सव-2024 में उद्घाटन सत्र के बाद अनेक गतिविधियों को शामिल किया गया, जिसमें थीम आधारित तकनीकी सत्र (योग से महिलाओं के स्वास्थ्य को सशक्त बनाना, योग से जीवन को बदलना) शामिल थे। कार्यक्रम एक पैनल चर्चा (योग और महिला सशक्तिकरण: विभिन्न पहलू), वाई-ब्रेक और योग प्रदर्शन के साथ समाप्त हुआ। 100 दिनों की उलटी गिनती का उद्देश्य प्रमुख योग संगठनों, योग गुरुओं और अन्य आयुष हितधारकों का समर्थन जुटाकर योग की पहुंच को अधिकतम करना है।

# केंद्रीय मंत्री ने पीएम गति शक्ति- कोयला क्षेत्र में राष्ट्रीय मास्टर प्लान किया जारी




**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज कोयला मंत्रालय में एक समारोह में पीएम गति शक्ति-कोयला क्षेत्र में राष्ट्रीय मास्टर प्लान लॉन्च किया।

इस प्लान का उद्देश्य कोयला क्षेत्र में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करना है, जो की पीएमजीएस-एनएमपी पोर्टल के कोयला मंत्रालय पेज पर उपलब्ध भू-स्थानिक परतों के माध्यम से होगा।

यह योजना सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करेगी और कोयला क्षेत्र के विकास और एकीकृत योजना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रल्हाद जोशी ने इस अवसर पर पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के महत्व पर बल दिया, जो आधारभूत अवसंरचना परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें लागू करने के हमारे दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन को चिह्नित करता है। उन्होंने कहा कि पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान, एक व्यापक जीआईएस-आधारित प्लेटफार्म है और यह विभिन्न मंत्रालयों को एक साथ लाता है ताकि लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की समकालिक योजना की सुविधा मिल सके, आर्थिक प्रगति और विकास को उत्प्रेरित करने के लिए ज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ उठाया जा सके।

पीएम-गति शक्ति परियोजना, राष्ट्रीय मास्टर प्लान, एक अग्रणी प्रयास है जिसका उद्देश्य आधारभूत अवसंरचना कनेक्टिविटी परियोजनाओं के लिए समकालिक और समग्र योजना को बढ़ावा देना है। विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकार के विभागों के अंतर्गत मौजूदा, चल रही और भविष्य की परियोजनाओं का एक व्यापक डेटाबेस प्रदान करके प्रोत्साहित करना है। इस परियोजना का लक्ष्य मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को बढ़ाना, आर्थिक विकास को बढ़ावा देना और विदेशी निवेश को आकर्षित करना है।

कोयला मंत्रालय ने पीएम-गति शक्ति पोर्टल की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिये विभिन्न परतों और विश्लेषणात्मक उपकरणों को एकीकृत करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। पोर्टल में महत्वपूर्ण जीआईएस परतें जैसे कोलफील्ड सीमाएं, कोयला निकासी प्रणाली, रेलवे साइडिंग का स्थान और भूमि परिसंपत्ति डेटा शामिल हैं, जो हितधारकों को भारतीय कोयला उद्योग की व्यापक समझ प्रदान करते हैं।

कोयला क्षेत्र में पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान जारी करना कोयला क्षेत्र को बदलने और आधारभूत अवसंरचना की योजना और क्रियान्वयन को कारगर बनाने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सतत विकास को बढ़ावा देने, वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने तथा देश के नागरिकों के लिए पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए कोयला मंत्रालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# पिंपल्स, क्रीम-लोशन से ना बने बात तो तुरंत करें ये इलाज



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**मुबंई।** चेहरे पर मुंहासों को कम करने के लिए चेहरा धोने के लिए साबुन या फेसवॉश की जगह साफ पानी का इस्तेमाल करें। पिंपल्स को छेड़ें नहीं और गर्म तासीर वाली चीज़ें न खाएं। ग्रेप सीड और टी ट्री ऑयल से बनी क्रीम भी उपयोगी हो सकती है। दाग अच्छे तब होते हैं, जब वे आसानी से धुल जाते हैं। अगर न धुले तो दाग बुरे ही हैं। कई बार पिंपल्स की वजह से दाग चेहरे पर हो जाते हैं। वैसे ये मुंहासे सिर्फ टीन एजर्स को ही परेशान नहीं करते, ये कभी-कभी नवजात बच्चों को तो कई बार वयस्कों में 30 साल के बाद भी उभर आते हैं। हां, इनकी वजहें अलग-अलग हो सकती हैं। लेकिन अगर ध्यान नहीं दिया गया तो चेहरे पर कभी काले दाग, कभी लाल दाग तो कभी गड्ढे नज़र आ सकते हैं।

**खास बातें**

अपने चेहरे को दिन में 2 से 3 बार ज़रूर धोएं। खासकर स्कूल, कॉलेज या ऑफिस से आने के बाद। धोने के लिए साफ पानी, सामान्य साबुन या वॉटर बेस्ड फेसवॉश का इस्तेमाल करना चाहिए। वैसे साबुन से कई बार चेहरे पर ड्राईनेस हो जाती है। कभी भी पिंपल्स को छेड़ें या फोड़ें नहीं। ऐसा करने से परेशानी में ही इज़ाफा होगा। जब पिंपल्स निकल रहे हों तो ज़्यादा गर्म तासीर वाली चीज़ों को खाने से बचें। मसलन: ज़्यादा अंडे, नॉनवेज, ऑयली चीज़ें आदि। कोशिश यह होनी चाहिए कि स्किन में मौजूद ऑयल ग्लैंड से ऑयल निकलने का रास्ता बंद न हो। अक्सर सारी समस्या इस रास्ते के बंद होने से ही पैदा होती है।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES , JIG FIXTURE GAUGES SPM , POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

## संपादकीय

# उपायों पर अमल नहीं

बेंगलुरु वॉटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड (BWSSB) ने शहर में 20% तक पानी कटौती का एलान किया है। 15 मार्च यानी कल से लागू होने वाले इस फैसले के मुताबिक, बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले कावेरी जल की आपूर्ति में भारी कमी होगी। ध्यान रहे, शहर के सभी क्षेत्रों में कावेरी का पानी नहीं आता। कई क्षेत्रों में पहले से पानी कटौती का यह फैसला लागू है।

**मॉल में टॉयलेट :** भारत के IT कैपिटल के तौर पर दुनिया भर में मशहूर इस शहर में पानी सप्लाई का पिछले कुछ समय से यह हाल है कि बड़े-बड़े अपार्टमेंट्स में रहने वाले इसकी कमी का रोना रो रहे हैं। सोशल मीडिया पर आ रही पोस्टों के मुताबिक कई पॉश माने जाने वाले रिहायशी इलाकों के लोग घरों में पानी न होने के चलते लोकल मॉल में टॉयलेट जा रहे हैं।

**टैंकर के बढ़े भाव :** अधिकारी जहां लोगों से पानी का संयम से इस्तेमाल करने का आग्रह कर रहे हैं, वहीं टैंकर के भावों की अधिकतम सीमा भी निर्धारित की जा रही है। मगर भाव पहले ही बेतहाशा बढ़ चुके हैं। कई इलाकों में 12000 लीटर पानी के टैंकर की कीमत 2000 रुपये तक जा पहुंची है, जबकि कुछ दिन पहले तक यह 800 से 1000 रुपये हुआ करती थी।

**लोकल मुद्दा नहीं :** इस संकट को स्थानीय कहकर नहीं टाला जा सकता। अव्वल तो यह किसी भी एक शहर की नहीं, देश के बड़े औद्योगिक केंद्र बेंगलुरु की बात है। दूसरे, इस तरह का संकट झेलने वाला यह कोई इकलौता शहर नहीं है। तमाम बड़े शहरों में गर्मी के दिनों में पानी सप्लाई की कमी की नौबत आती है। गिरता भूजल स्तर एक स्थायी समस्या का रूप लेता जा रहा है।

**प्रबंधन की गड़बड़ी :** खास बात यह कि इस समस्या के पीछे संसाधनों की कमी से ज्यादा प्रबंधन की गड़बड़ी की भूमिका बताई जाती है। बेंगलुरु की ही बात करें तो 1961 तक वहां 262 झीलें थीं, जो 81 रह गई हैं। इन 81 झीलों में भी मात्र 33 जिंदा बताई जाती हैं। वह भी इसलिए क्योंकि ये ऐसे क्षेत्रों में हैं, जहां जमीन का कुछ और इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। अंधाधुंध शहरीकरण और पानी बर्बाद करने की प्रवृतति हमारे शहरों के पूरे इकोसिस्टम को प्रभावित कर रही है।

**इच्छाशक्ति की कमी :** सबसे बड़ी बात कि इस स्थिति से बचाव के उपाय न केवल मौजूद हैं बल्कि सबकी जानकारी में भी हैं। पानी की रीसाइक्लिंग करना, ट्रीटमेंट के बाद उसे दोबारा इस्तेमाल में लाना, रेन वॉटर हार्वेस्टिंग पर ध्यान देना ऐसे उपाय हैं, जिनका जिक्र सरकारों की जल नीतियों में होता रहा है। जाहिर है, सरकारों को मजबूत इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए इन पर सही ढंग से अमल सुनिश्चित करना होगा।

## भोजावास में कुंड मार्ग पर जमा कूड़े से राहगीर परेशान

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-अटेली मार्ग से भोजावास-कुंड सडक मार्ग पर कूड़े के ढेर लगे रहने से राहगीर परेशान हैं। कूड़े की अधिकता से मार्ग अवरुद्ध हो रहा है। भोजावास के ग्रामीणों ने कहा कि इस सडक मार्ग से गोमला, गोमली ,ढाणी जरावत, ऊंचा, जमालपुर, नांगल, बासदूदा होते हुए कुंड पहुंचा जाता है। निर्माणाधीन माजरा एम्स के लिए सबसे छोटा एवं सुगम मार्ग है। कूड़ा होने की वजह से बरसात के समय इस सडक से पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। कूड़े करकट से कीचड़ और जलभराव की समस्या भी उत्पन्न हो रही है। इस सडक मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों वाहन कुंड और रेवाड़ी के लिए आवागमन करते हैं। इसके साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में जाने वाले पैदल राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों ने सडक मार्ग को दुरूस्त करने की मांग की।

## दो दिवसीय श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव में झूमे गुढा के ग्रामीण

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** खंड के गांव गुढ़ा स्थित श्रीराम मंदिर प्रांगण में बुधवार को आयोजित दो दिवसीय श्रीश्याम महोत्सव फाल्गुन महोत्सव के अंर्तगत ग्रामीण झूमने पर मजबूर हो गए। चैथे दो दिवसीय श्रीश्याम, फाल्गुन उत्सव में बुधवार रात्री के समय जागरण का आयोजन किया गया जबकि बृहस्पतिवार को सुबह हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। डॉ. नरेंद्र गेरा व अन्नी गुलाटी ने बताया कि उत्सव के गायक कलाकारों ने रातभर भजनों के माध्यम से बाबा का गुणगान किया। झांकी भ निकाली गई। इस समारोह के मुख्यातिथि अतरलाल थे जबकि विशिष्ठ अतिथि के रूप में अधिवक्ता दीपक चैधरी हाजिर थे।14 मार्च को सुबह मंदिर में आयोजित हवन में प्रबुद्ध जनों ने आहुति डाली। उसके बाद भंडारा शुरू किया गया जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर मंदिर कमेटी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## गुमशुदा लोगों का बढता ग्राफ बन रहा चिंता का विषय

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना खंड 3 गावों से दो महिलाओं सहित 4 व्यक्ति हुए गायब**

**कनीना।** कनीना क्षेत्र में आजकल गुमशुदा लोगों का ग्राफ बढता जा रहा है जो चिंता का विषय है। पिछले सप्ताहभर के अंतराल में कनीना खंड के 3 गावों से दो महिलाओं सहित 4 व्यक्ति गायब हो चुके हैं। 13 मार्च को पुलिस ने 3 लोगों के लापता होने का केस दर्ज किया है जबकि एक व्यक्ति सप्ताहभर पूर्व गायब हुआ था। इस बारे में विजयपाल वासी भोजावास ने कनीना सदर थाने में दी शिकायत में कहा कि उसका भाई श्रवण कुमार 10 मार्च को सांय करीब 7 बजे घूमने गया था जो वापिस लौट कर नहीं आया। उसका मोबाईल फोन भी बंद आ रहा है। उन्होंने बताया कि श्रवण कुमार पिछले 7 वर्षों से घिलोठ हेवल्स कम्पनी में काम कर रहा है। पुलिस ने विजयपाल की शिकायत पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। ईधर कनीना सदर थाना अंतर्गत एक गांव से लडकी गायब हो गई। जिसका सुराग नहीं लगने पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। लडकी की माता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसकी लडकी घर से निकल कर गहीं चली गई। जिसकी अपने स्तर पर खोजबीन भी की गई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने गुमशुदा का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर नारनौल के एक निजी अस्पताल में सफाई कार्य करने वाली कनीना खंड के एक गांव की महिला लापता हो गई। इस बारे में महिला के पति ने कनीना थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में हरिश्चंद्र ने बताया कि उसकी पत्नी नारनौल के निजी अस्पताल में सफाई का कार्य करती है। 11 मार्च को सुबह साढे 7 बजे घर से अस्पताल जाने के लिए निकली थी जो सायं तक घर वापिस नहीं लौटी। उसने मोबाईल पर नाईट ड्यूटी करने का संदेश दिया था। 12 मार्च से उसका मोबाइल स्विच ऑफ आ रहा है। परिजनों ने अपने स्तर खोजने का प्रयास किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने गुमशुदा का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में धनौंदा गांव से 35 वर्षीय व्यक्ति गायब हो गया था जिसकी तलाश की जा रही है।

# भाकृअनुप तथा सीएससी ई गवर्नेंस सर्विस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर



**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद तथा सीएससी ई गवर्नेंस सर्विस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। डॉ. यू.एस. गौतम, उप-महानिदेशक (कृषि विस्तार), भाकृअनुप तथा सुबोध मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट, सीएससी-एसपीवी ने इस एएमयू पर हस्ताक्षर किए। डॉ. गौतम ने कहा सीएससी सेंटर के माध्यम से जिला स्तर पर केवीके से प्राप्त सूचना को पंचायत स्तर तक किसानों को पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि सीएससी के 5 लाख से ज्यादा सर्विस सेंटर है, जिसके माध्यम से टेली पशु चिकित्सा जैसे प्रोग्राम के साथ-साथ प्लांट प्रोटेक्सन, हॉर्टिकल्चर तथा होम साइंस एवं मेकेनाइजेशन जैसे क्षेत्र में टेलीकम्यूनिकेशन प्रोग्राम शुरू करने का परिषद का लक्ष्य है, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों के साथ हमारा सम्पर्क बनें। उप-महानिदेशक ने कहा कि इस एमओयू के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोग तकनीकी फायदा ले सकेंगे और इसका कृषि में उपयोग कर अपनी आय को बढ़ा सकेंगे। सीएसी सेंटर के माध्यम से कृषि से संबधित सूचना, जैसे- खेत में कब पानी डालना है तथा कौन से खेत में कीटनाशक का छिड़काव करना है ये सभी इन्फॉर्मेशन उचित समय पर किसानों तक पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा, जिससे कृषि क्षेत्र में क्रांति लाई जा सके। उप-महानिदेशक ने बताया कि अभी 5 लाख सीएससी सेंटर है, यदि प्रत्येक केन्द्र से सौ लोगों को भी जोड़ा जाए तो एक बड़ी उपलबधि मानी जाएगी। भाकृअनुप का प्लान है कि देश के 11 करोड़ किसानों को केवीके से, किसान सारथी से तथा सीएससी से जोड़ा जाए जिससे केवीके तथा आत्मा के कार्य को जमीनी स्तर तक पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर भाकृअनुप के सहायक महानिदेशक, निदेशक एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# हॉलीवुड एरक्ट्रेस शेरोन स्टोन ने कास्टिंग काउच का किया खुलासा




**समाचार गेट/भावना कौशिश**

**मुबंई।** हॉलीवुड एक्ट्रेस शेरोन स्टोन ने चौंकाने वाला खुलासा किया है, जिसे जानकर आपको हैरानी होगी। फिल्म इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच होता आया है और हॉलीवुड भी इससे अछूता नहीं है। शेरोन स्टोन ने इसे लेकर अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने बताया कि फिल्म के प्रोड्यूसर ने उन्हें शूटिंग के बीच में अपने ऑफिस में बुलाया और को-एक्टर बिली बाल्डविन के साथ इंटीमेट होने के लिए कहा। एक्ट्रेस ने उस प्रोड्यूसर के नाम का भी खुलासा कर दिया है। शेरोन स्टोन ने आइकॉनिक प्रोड्यूसर का नाम लिया है, जिसने उन पर बेहतर परफॉर्मेंस पाने के लिए को-एक्टर के साथ इंटीमेट होने के लिए दबाव डाला था। बेसिक इंसटिंक्ट एक्ट्रेस ने दावा किया कि प्रोड्यूसर रॉबर्ट इवांस ने उन्हें ऐसा करने के लिए किया था, जब वे साल 1993 में स्ग्रद्व1द्गह्व मूवी की शूटिंग कर रहे थे। बता दें कि रॉबर्ट अब इस दुनिया में नहीं हैं। साल 2019 में उनकी मौत हो गई थी। 66 साल की एक्ट्रेस आगे कहती हैं, और अगर मैं बिली के साथ सो सकती तो स्क्रीन पर हमारी केमिस्ट्री होती और अगर मैं उनके साथ सिर्फ सेक्स करती तो इससे फिल्म बच जाती और फिल्म के साथ असली समस्या मैं ही थी, क्योंकि मैं बहुत स्ट्रॉन्ग थी। उस रियल एक्ट्रेस की तरह नहीं थी, जो उसके साथ सोती और सबकुछ ट्रैक पर ले आती।

**बिली ने आरोपों पर किया पलटवार**

शेरोन के इस खुलासे के बाद बिली बाल्डविन ने भी इन आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर (अब ङ्ग) पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें स्लिवर फिल्म के एक सीन की तस्वीर है और कैप्शन में लिखा है, पता नहीं क्यों शेरोन स्टोन इतने साल बाद मेरे बारे में बात कर रही है? क्या उसे अब भी मुझ पर क्रश है या वो इतने सालों के बाद भी आहत है क्योंकि मैंने उसकी बातों को नजरअंदाज कर दिया है? मेरे मन में उसके लिए इतनी गंदगी है कि उसका सिर घूम जाएगा, लेकिन मैं चुप रहा।(स्रोत: समाचार एजेंसी)

# सैनिक स्कूल की प्रतियोगी परीक्षा में एसडी विद्यालय के 98 विद्यार्थी उत्तीर्ण

## विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने किया सम्मानित



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नैशनल टेसटिंग ऐंजेसी द्वारा बीते समय आयोजित अखिल भारतीय सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा में एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के 98 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है। सभी मेधावी विद्यार्थियों को चेयरमैन जगदेव यादव ने सम्मानित किया है। विद्यालय के प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने विद्यालय के शिक्षकों तथा मेधावी विद्यार्थियों की पीठ थपथपाते हुए कहा कि सैनिक स्कूल परीक्षा में छठी एवं नौवीं कक्षा के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उतीर्णता ही नहीं बल्कि उच्च स्कोर हासिल किया है। उन्होंने बताया कि छठी कक्षा की सैनिक स्कूल की प्रवेष परीक्षा में अंशू यादव,विहान,आरव यादव, आयूष,तमन्ना,प्राचि यादव,गर्वीत, हिमांशू यादव,दीपांशी यादव, प्रिंस यादव,भूवेश यादव, दीपांशू,रिंकू यादव,,यश तंवर,मानसी,जतिन यादव,कनिष्का यादव,मलिका चैहान,कीर्ति, हेमन्त यादव,पियूष,सक्षम,नितेश, मानवी,देवेश कुमार, अनिश,हर्षित, गर्व, रॉयल यादून,अंकित कुमार, यस, रक्षीता,मिताली,अरमान नारा, नक्षू, शुभम,यश यादव, मानशी यादव, दिवेन यादव, रितेश, हिया, यश, अक्षरा, साहिल,बलजीत सिंह,लक्ष्य शमा, विवेक कुमार, हंशिका,कमिक्षा, सिध, वंश,मोहित, लक्ष्य,द्रश खोला, मयंक यादव,दिक्षा, कनक,कार्तिक,प्रथम चैहान, प्रसांत कुमार, कृषा, अविराज,कशिश,ग्रवेश, यतिन,दीपेश कुमार,गुलशन,अंकित यादव, विहान,मनश,,रमन, तंवीर, रक्षीत ठूकरान,मानव, भविष्य, कोमल यादव,प्रीत, महिमा, वंशिका, रीतिक, समर,हर्षित, जानवी, दक्ष यादव,कुनाल,अशू,मयंक,दीक्षित, लक्की,हैप्पी, तथा यश यादव सफल रहे हैं। इसी प्रकार कक्षा नौवीं से लक्ष्य यादव, हैप्पी, यश राव, भावेश,,भारती, उत्सव यादव, रितेश, दिव्य यादव, नितिन यादव, तनिश,सूरज,मयंक, अंशिका, हर्ष,,हर्ष,जतिन उत्तीर्ण रहे हैं।

विद्यालय चेयरमैन जगदेव यादव ने विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी इसी प्रकार मेहनत करते रहें,सफलता उनके कदमों में होगी। उन्होंने कहा कि एसडी विद्यालय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए सफलता का केन्द्र बनकर उभरा है। सम्पूर्ण क्षेत्र में उच्च अकेडमिक परीक्षा परिणाम के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतरीन परिणाम के लिए विद्यालय की उच्च कोटि की फैक्लटी, विद्यार्थी की मेहनत के साथ अभिभावकों का बड़ा सहयोग रहा है। इस अवसर पर उप प्राचार्य पूर्ण सिंह, सीईओ रामधारी, एलिमैन्ट्री निदेशक नरेन्द्र कुमार, शैक्षणिक विभाग के मुखिया सुनील यादव, कोर्डिनेटर ईश्वर सिहँ, जोगेन्द्र, इन्दूगेरा, सन्दीप, सोनिया, पूजा, सूनिल, आशिमा सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# आरोही मॉडल स्कूलों में 22 मार्च को होंगी प्रवेश परीक्षा

## प्रवेश परीक्षा देने वाले 20 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं




**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** आरोही मॉडल स्कूल रामगढ़ की प्रिंसिपल चौधरी किरण देवी ने जानकारी देते हुए बताया की आरोही मॉडल स्कूलों में प्रवेश परीक्षा 22 मार्च को कराई जाएंगी। उन्होंने बताया की यह आरोही मॉडल स्कूलों में जो परीक्षाएं कराई जा रही है उह शिक्षा विभाग द्वारा कराई जाएंगी। किरण देवी ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा की जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल की तरफ से सूचित किया जाता है कि आरोही मॉडल स्कूलों में दाखिला लेने हेतु प्रवेश परीक्षा 22 मार्च 2024 को संबंधित खंडों के आरोही स्कूलों में आयोजित की जा रही है ।जिसके लिए आवेदन 20 मार्च 2024 तक मांगे कर सकते हैं। पलवल खंड के गदपुरी, होडल खंड के लाडियाका, हसनपुर खंड के रामगढ़ तथा हथीन खंड के आली ब्राह्मण में निजी विद्यालयों की तरह डिजिटल कक्षाए, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेलकूद के मैदान आदि की अत्याधुनिक सुविधाए मुफ्त प्रदान की जा रही है। इन विद्यालयों में लड़कियों के लिए निशुल्क छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। इन विद्यालयों का बोर्ड परीक्षा परिणाम भी हर वर्ष उत्कृष्ट रहा है। अत: आप सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने बच्चो का अधिक से अधिक नामांकन करवाए व हरियाणा सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही उत्कृष्ट शैक्षिक सुविधाओं का लाभ उठाए।

# सेहलंग-बागोत के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर कट छोडने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना जारी





**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 152डी पर सेहलंग-बाघोत के बीच वाहनों के एंट्री-एगिजट मार्ग बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा बीती 13 मार्च से शुरू किया गया अनिश्चितकालीन धरना बृहस्पतिवार को 368वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता विजयपाल सेहलंग ने की। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से जनहित को ध्यान में रखते हुए एनएच 152डी पर कट का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बागोत में प्रदेशभर का प्रसिद्ध प्राचीन शिव मंदिर है जहां फाल्गुन तथा सावन माह में आयोजित होने वाले मेले में दूर-दराज से आए शिवभक्त हिस्सा लेते हैं। उनकी सुविधा के लिए यहां पर कट दिया जाना जरूरी है।

धरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि कट बनाने की मांग को लेकर ग्रामीण धरना देने पर मजबूर हैं। सरकार धरना स्थल पर बैठे ग्रामीणों मांग पर काम शुरू नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक कट का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा।

इस मौके पर वेदप्रकाश, लक्ष्मण सिंह, नरेंद्र शास्त्री, बेड़ा सिंह, रामकिशन, सूबेदार सुखबीर सिंह, हरिओम पोता, धर्मपाल सिंह, विजयपाल, मुंशी राम, सूबेसिंह, बाबूलाल, रघुवीर, सीताराम, रमेश कुमार, मांगेराम, हेमराज, वीरेंद्र सिंह, रामकुमार, दाताराम, रामभगत, प्यारेलाल, शेर सिंह, सुरेंद्र, कृष्ण कुमार हाजिर थे।




# बच्चों के जन्मजात हृदय दोष दूर करने के लिए वरदान है आरबीएसके : डिप्टी सिविल सर्जन डा. रामेश्वरी



**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तत्वावधान में सिविल सर्जन डा. नरेश कुमार गर्ग के दिशा निर्देशन व डिप्टी सिविल सर्जन डा. रामेश्वरी के मार्गदर्शन में राधा आंगनबाड़ी केंद्र नजदीक किशन हॉस्पिटल होडल में शिविर लगाया गया। शिविर में 6 वर्ष तक के 63 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच व स्क्रीनिंग की गई। शिविर में अनीमिया मुक्त भारत के तहत 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों के हीमोग्लोबिन की भी जांच की गई तथा आयरन फोलिक एसिड के सिरप व अन्य दवाइयां वितरित की गई। शिविर में दो बच्चे जन्मजात हृदय दोष से ग्रस्त पाए गए जिन्हें डीईआईसी पलवल में रेफर किया गया। डिप्टी सिविल सर्जन डा. रामेश्वरी ने बताया कि जन्मजात हृदय दोष दिल का ऐसा जन्म जात रोग है जिसमें बच्चों के दिल के अंदर छेद होता है। उन्होंने बताया कि आरबीएसके जन्मजात हृदय रोगों के लिए वरदान है। जन्मजात हृदय दोष से ग्रस्त बच्चों को पहचानने के लिए स्टेथोस्कोप के द्वारा आस्कल्टेशन से छाती पर मर-मर (बड़बडाहट) की आवाज सुनाई देना, होंठों पर नीलापन, हृदय फेलियर के लक्षण, छोटे बच्चों में स्तनपान के दौरान पसीना आना, लगातार सांस लेने में दिक्कत होना, वजन कम होना, कसरत करने में सांस फूलना व सहन न कर पाना, जल्दी थक जाना या दोनों पैरों में सूजन होना पाया जाता है। आयुष मेडिकल ऑफिसर डा. रूप ने बच्चों व उनके अभिभावकों को आयरन युक्त भोजन, हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल खाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि 6 माह तक के बच्चों को केवल मां का दूध ही पिलाना चाहिए।

# थाना हथीन पुलिस ने अपहरण मामले में शामिल दूसरे आरोपी को किया गिरफ्तार



**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** जिला पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अंशु सिंगला के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर शिकंजा कस रही है इसी कड़ी में थाना हथीन पुलिस ने वर्ष 2023 के पॉलिटेक्निक छात्र अपहरण मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। थाना हथीन प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल के अनुसार 7 जून 2023 को दिनेश कुमार निवासी भंगुरी ने अपनी दी शिकायत में बताया कि वह राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज उटावड में फार्मेसी सेकंड ईयर का छात्र है। वह और उसका दोस्त आशीष स/ह धर्मपाल ( हिसार ) गाँव पाली कॉलेज से दोपहर 12 बजे एक ऑटो में बैठकर हथीन के लिए निकले। रुपड़ाका गाँव से निकलकर एक सफेद रंग की सेलेरिओ कार नंबर एचआर-30 जेड-1921 ऑटो के आगे आकर रुकी जिसमे से 3 नौजवान युवक से उतरे और उसके दोस्त आशीष को थप्पड़ मारकर जबरदस्ती अपहरण करके ले गए। शिकायत के आधार पर मुकदमा न0 237 दिनांक 07.06.2023 संबंधित धारों के तहत थाना हथीन दर्ज रजिस्ट्रर किया गया तथा एएसआई सुभाष चंद के नेतृत्व में गठित जांच इकाई ने बिना किसी देरी के प्रत्येक बिंदु से जांच करते हुए अपहरणकर्ताओं का पीछा करते हुए वारदात में शामिल रामलीला मैदान होडल निवासी एक आरोपी को वारदात में प्रयुक्त गाड़ी उपरोक्त सहित गिरफ्तार किया साथ ही अपहरणकर्ताओं से आशीष उपरोक्त को भी बरामद किया। आरोपी ने प्रथम पूछताछ में बताया कि उसके बहीन निवासी दोस्त एवं आशीष उपरोक्त की पॉलिटेक्निक कॉलेज उटावड में किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई थी जिसकी रंजिश को रखते हुए उसने अपने दोस्त के कहे अनुसार अपने अन्य साथीयों के साथ मिलकर प्लान के तहत आशीष का उसकी खुद की गाड़ी से अपहरण किया तथा उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाइल भी छीना था। इसके आधार पर अभियोग में लूटपाट की भी धारा जोड़ी गई। आरोपी को पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। प्रभारी थाना ने आगे बताया कि मामले में जांच इकाई ने वारदात में शामिल बहीन निवासी मुख्य व दूसरे आरोपी को गत दिनांक 13 मार्च 2024 को नियमानुसार गिरफ्तार कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसे आज पेश अदालत कर बंद कारागार कराया गया है। मामले में फरार आरोपी जल्दी पुलिस की गिरफ्त में होंगे जिनके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

# सात दिवसीय योग शिविर आयुष गांव उजीना में शुरू



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** घर घर योग पहुंचाने और लोगों को रोगमुक्त करने के उद्देश्य से आयुष के बैनर तले सात दिवसीय योग शिविर आयुष गांव उजीना में शुरू किया गया। शिविर में योग सहायक नीरज रानी द्वारा लोगों को विभिन्न रोगों से बचने के लिए योगाभ्यास, प्राणायाम तथा ध्यान साधना का अभ्यास कराया गया। इससे पहले शिविर का शुभारंभ गांव के संत प्रभाती लाल तथा एडवोकेट मंजूलता ने दीप प्रज्जवलित करने के उपरांत उद्गीत के साथ किया गया। योग सहायक नीरज रानी ने बताया कि आज की भागदौड भारी भरी जिंदगी में लोगों के पास खुद के लिए समय नहीं है। धन कमाने की होड़ में हम सबसे बडे धन अपने शरीर की अनदेखी कर रहें हैं। जबकि यदि हमारा शरीर स्वस्थ है तो हम आसानी से धन कमा सकते हैं। लेकिन यदि शरीर रोगग्रस्त है तो लाखों करोड़ों धनराशी जोडने का कोई लाभ नहीं है। हमारा शरीर एक जटिल मशीन है। जिसकी संभाल करना जरूरी है, वरना इसे खराब होने में देर नहीं लगती। उन्होंने बताया कि यह सात दिवसीय योगा शिविर अधिक से अधिक लोगों को योग से जोडने की एक प्रक्रिया है ताकि लोग प्रतिदिन योग सीख सकें तथा उसे अपनी प्रतिदिन की दिनचर्या का हिस्सा बना सकें। योगा शिविर में लोगों को ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोण आसन, सेतुबंधासन, पद्मासन, वज्रासन, मर्कटासन, शशकासन, मंडूकासन, सूर्यनमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम तथा प्राणायम व ध्यान कराया। वहीं जिला आयुष अधिकारी डा. यशवीर गहलावत ने बताया कि लोगों को योग से जोडने के लिए आयुष विभाग पूरी तरह तत्पर है। जिले में व्यायामशालाओं में प्रतिदिन लोग योग साधना करते हैं। इसके अलावा शिविरों के माध्यम से योग को लोगों के लिए और अधिक सुलभ बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष ग्राम उजीना में यह योग शिविर 20 मार्च तक चलाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस योग शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों तथा अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योग करें।

# लिफ्ट देने के बहाने मारपीट कर लूट, केस दर्ज

**समाचार गेट/हेमलता**

**पलवल।** कार सवार युवकों से लिफ्ट लेकर कनपटी पर बंदूक लगा दी और सुनसान जगह पर ले गया। मैदान में पहले से खड़े युवकों के साथ मिलकर कार चालक को जमकर पीटा। बंदूक का बट मारकर सिर फोड़ दिया। साथी युवक ने बचाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की। आरोपियों ने कार चालक का मोबाइल फोन व 22 हजार रुपये लूट लिए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। चांदहट थाना पुलिस ने पीड़ति चालक की शिकायत पर एक नामजद सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभी तक आरोपियों को गिरफ्तारी नहीं हुई है। चांदहट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दलबीर सिंह के अनुसार गांव अलावलपुर निवासी संदीप ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह अपनी वरना कार में सवार होकर पलवल से गांव लौट रहा था। उसके साथ गांव निवासी प्रशांत भी कार में सवार था। गांव के समीप पहुंचे तो गांव निवासी करण सिंह ने उन्हें रोक लिया और घर तक लिफ्ट देने की बात कहकर कार में बैठ गया। कार के चलते ही करण सिंह ने उसकी कनपटी पर बंदूक लगा दी और कहा कि जहां मैं कहूं वहीं ले चलो। वह उन्हें सरकारी स्कूल के सुनसान मैदान में ले गया, जहां से पहले से चार-पांच युवक मौजूद थे। आरोपियों ने उसे कार से उतार लिया और मारपीट शुरू कर दी। करण सिंह ने बंदूक का बट सिर में मारकर लहूलुहान कर दिया। प्रशांत ने बचाने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने उसकी जेब में रखा मोबाइल फोन व 22 हजार रुपये लूट लिए और जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि आगे चौधराहट दिखाई तो जान से खत्म कर देंगे। उसके बाद आरोपी करण सिंह ने चाचा राजकुमार को फोन कर घटना के बारे में जानकारी दी। उसके चाचा व पिता ने मौके पर पहुंच कर उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# एसटीएफ ने दो बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ पकड़ा

**समाचार गेट/हेमलता**

**पलवल।** एसटीएफ की टीम ने दो बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों से दो अवैध देशी पिस्टल, चार जिंदा रौंद और चार खाली खोल बरामद हुए हैं। एसटीएफ प्रभारी यशवंत यादव ने बताया कि उनकी टीम ने दो बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ पकड़ा है। टीम ने हथीन के गांव पौंडरी के रहने वाले धीरज और होडल के गांव करमन के रहने वाले मनोज को गिरफ्तार किया है। बीती 13 मार्च को दोनों की गिरफ्तारी की गई है। बदमाशों को पलवल के लालवा मोड से गिरफ्तार किया गया है।आरोपितों से दो अवैध देशी पिस्टल,चार जिंदा रौंद और चार खाली खोल बरामद हुए हैं। आरोपितों के विरुद्ध होडल थाना में पिछले वर्ष मारपीट और वर्ष 2021 में आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं। आरोपितों के विरुद्ध सदर थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपितों को अदालत में पेश किया जाएगा।

# अनाजमंडियों व खरीद केंद्रों में फसल खरीद संबंधी तैयारियां समयबद्ध हों सुनिश्चित : उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि जिला की सभी अनाजमंडियों व खरीद केंद्रों में रबी फसल की खरीद संबंधी तैयारियां व प्रबंध समय पर सुनिश्चित होने चाहिएं। इसके लिए एसडीएम व सभी संबंधित विभागों के अधिकारी अपने विभाग से संबंधित कार्यों, मैनपावर, बारदाना, ट्रांसपोर्ट व मंडियों में किसानों से संबंधित सभी बुनियादी सुविधाएं पूरी करें, ताकि खरीद कार्य सुचारू रूप से चले और किसानों को फसल बेचने में कोई परेशानी न आए। उपायुक्त ने यह निर्देश वीरवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में खरीद संबंधी तैयारियां व प्रबंध समयबद्ध सुनिश्चित करने के लिए आयोजित खाद्य एवं आपूर्ति, मार्केटिंग बोर्ड, खरीद एजेंसियों सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि मंडियों की हालत बेहतर होनी चाहिए। मंडियों की सभी सडक़ें व संपर्क मार्ग अच्छे बनाए जाएं। पैचवर्क संबंधी कार्य अभी पूरे कर लिए जाएं। मंडियों में साफ-सफाई, पीने का पानी, शौचालय, बिजली आपूर्ति आदि सभी सुविधाएं अच्छी हो। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी अपनी निगरानी में सभी तैयारियां व प्रबंध समयबद्ध सुनिश्चित कराएं, ताकि किसानों को रबी फसल की खरीद में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

उपायुक्त ने कहा कि रबी फसलों की खरीद प्रक्रिया में संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ काम किया जाए। उठान प्रक्रिया भी सुदृढ़ की रहनी जाए, ताकि साथ-साथ उठान हो और मंडियों में किसानों को फसल लाने के लिए जगह मिलती रहे। सभी संबंधित अधिकारी व कर्मचारी खरीद प्रक्रिया को सुगम बनाएं रखें। किसानों को उनकी फसल का पूरा मूल्य दिया जाए तथा किसानों से भी अपील करें कि वे मंडियों में फसल को सुखाकर लाएं, ताकि खरीद जल्द हो सके। बाहर से या अन्य राज्यों से आने वाले फसलों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। इस अवसर पर एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा. चिनार चहल, एसडीएम नूंह विशाल, एसडीएम पुन्हाना लक्ष्मी नारायण, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक महेश यादव सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के दिन प्रदान की जाएगी विशेष सुविधाएं : उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव-2024 की घोषणा निकट भविष्य में शीघ्र ही की जानी है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं (40 प्रतिशत से अधिक) को तथा 85 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं को मतदान के दिन विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इस दिन दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर व्हीलचेयर, वॉलिंटीयर्स, दिव्यांग मतदाताओं को घर से लाने व छोडऩे की सुविधा, घर से मतदान करवाने की सुविधा प्रदान की जाएगी। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि दिव्यांग मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की सक्षम मोबाइल एपलीकेशन डाउनलोड करके दिव्यांगता का प्रकार ऑनलाइन मार्क कर सकते हैं तथा व्हीलचेयर या पिक एंड ड्रॉप की सुविधा हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिला के सभी बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा दिव्यांग तथा 85 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं की मार्किंग का कार्य भी किया जा रहा है। इसलिए सभी मतदाताओं से आग्रह है कि मार्किंग हेतु सभी बीएलओ का सहयोग करें। इसके साथ ही उपायुक्त ने सभी दिव्यांग मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान के दिन उक्त वर्णित सुविधाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा सक्षम एप डाउनलोड करें तथा दूसरे मतदाताओं को भी इस बारे अवगत करवाएं। उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला नूंह में टोल फ्री नंबर 1950 की सुविधा प्रारंभ की जा चुकी है। जिस पर मतदाता कॉल करके मतदाता पंजीकरण व मतदान से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है तथा चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज करवाकर समाधान करवा सकता है।

# 10वीं परीक्षा का राजनीतिक विज्ञान का पेपर लीक, मुकदमा दर्ज

**समाचार गेट/हेमलता**

**पलवल।** बुधवार को 10वीं की परीक्षा का राजनीतिक विज्ञान का पेपर लीक हो गया। हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा केंद्र से यह पेपर लीक हुआ। कैंप थाना पुलिस ने परीक्षा के लिए नियुक्त जिला प्रश्न पत्र प्रभारी की शिकायत पर केंद्र पर तैनात अधिकारियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। जिला पुलिस प्रवक्ता संजय कादयान के अनुसार मामले में जिला प्रश्न पत्र प्रभारी प्रभारी जोगेन्द्र सिंह ने शिकायत दी है कि उसकी डयूटी जिला पलवल में बतौर प्रश्न पत्र प्रभारी लगाई हुई है। बीती 13 मार्च को राजनीतिक विज्ञान की परीक्षा थी। दोपहर के करीब ढाई बजे उन्हें बोर्ड मुख्यालय से सूचना प्राप्त हुई थी कि हरियाणा स्कूल से प्रश्न पत्र लीक हुआ है। उक्त सूचना के आधार पर वह अपनी टीम के सदस्य सुनील कुमार, सलीम के साथ स्कूल पहुंचे। उन्होंने पाया कि लीक हुआ को प्रश्न पत्र इसी परीक्षा केंद्र को अलॉट हुआ है। यह प्रश्न पत्र छात्रा नाम आरजू को दिया गया है। परीक्षा केन्द्र पर केंद्र सुप्रिडेन्डेन्ट पीतांबर तेवतिया,रोहताश रावत, सुखबीर सिंह, विजय बाला तैनात थी।

# आरोही स्कूल प्रवेश परीक्षा 21 मार्च को : भाल सिंह भाटिया



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** आरोही स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्सव शुरू होने वाला है। आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेवासन के प्रिंसिपल भाल सिंह ने बताया के आरोही स्कूल प्रवेश परीक्षा 21 मार्च 2024 को प्रात: 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कक्षा 6 से 11वीं तक प्रवेश परीक्षा होगी। जो निम्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जानी है। आप भी अपने बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए परीक्षा जरूर दिलाएं। जो निम्न प्रकार से होगी। नूंह में आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेवासन कोराली। पुन्हाना आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मुण्डेता, तावडू आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बावला, नगीना आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहम्मदपुर नगर नगीना। फिरोजपुर झिरका आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल हसनपुर बिलोड़ा। आप अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए परीक्षा जरूर दिलाएं। 21 2024 (प्रात: 11.00 से दोपहर 1.00 बजे तक) होगी। ये परीक्षा कक्षा 6,7,8,9 व 11वी तक के बच्चों की होगी। आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेवासन के प्रिंसिपल भाल सिंह ने बताया के बुनियादी लेवल प्रथम हे आरोही स्कूल।

# स्पेक्ट्रम इंटरनेशनल स्कूल के 18 छात्रों का ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की परीक्षा में चयन हुआ





**समाचार गेट/सचिन भारद्वाज**

**होडल।** होडल में नेशनल हाईवे पर नई अनाज मंडी में सथित स्पेक्ट्रम इंटरनेशनल स्कूल के 18 छात्रों का ऑल इंडिया सैनिक स्कूल की परीक्षा में चयन हुआ है । दर्जनों से अधिक संख्या में छात्रों के चयन होने पर स्कूल के चेयरमैन श्रीराम अग्रवाल ने सैनिक स्कूल में चयनित छात्रों का मनोबल बढ़ाने के लिए कार्यक्रम कर छात्रों को सम्मानित किया । स्पेक्ट्रम इंटरनेशनल स्कूल प्रांगण में सैनिक स्कूल में छात्रों के चयन होने पर हुए आयोजित कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन श्रीराम अग्रवाल ने बताया कि सैनिक स्कूल का परिणाम बुधवार की देर सांय आया इस परिणाम में स्कूल के 18 छात्रों का चयन सैनिक स्कूल में हो गया है उन्होंने कहा कि लगन और मेहनत से छात्रों ने यह मुकाम हासिल किया है। अग्रवाल ने कहा कि आए परिणामों स्कूल के अलावा माता पिता का नाम रोशन हुआ है। ऐसे छात्रों को समय-समय पर उत्साहित करने के लिए पुरस्कृत किया जाना चाहिए।







# डॉ बनवारी लाल ने रचा इतिहास, लगातार तीन बार ली मंत्री पद की शपथ

**लगातार दो बार कर चुके हैं जीत दर्ज।**

**विकास के पर्याय बन चुके हैं लाल**

**बावल को दे चुके हैं एम्स जैसी बड़ी सौगात।**

**चुनाव भागीरथ के नाम से भी मशहूर हैं डॉ लाल**

**बावल पहुंचने पर मंत्री ड़ॉ बनवारीलाल का हुआ भव्य स्वागत।**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पिछले कुछ दिनों से बावल आरक्षित विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो बार जीत दर्ज करने वाले डॉ बनवारी लाल सुर्खियों में है। पहले तो गत 16 फरवरी को एम्स जैसी बड़ी सौगात बावल विधानसभा को दी जिसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिलान्यास किया था। वर्ष 2015 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बावल में डॉ बनवारी लाल द्वारा आयोजित रैली में एम्स की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री से घोषणा करवाना डॉ बनवारी लाल की एक बड़ी उपलब्धि रही। इसके साथ-साथ बड़ी-बड़ी योजनाएं भी बावल विधानसभा क्षेत्र में लेकर आए। इसके साथ-साथ बावल का अधिकांश क्षेत्र डार्क जोन में शामिल था।

डॉ बनवारी लाल ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रहते पीने का स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया। यही कारण है कि डॉ बनवारी लाल को बावल का भागीरथी भी कहा जाता है। बावल में कराए गए अनेक विकास कार्यों व अपनें सरल स्वभाव व ईमानदारी के कारण डॉ बनवारी लाल बावल विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो बार जीत दर्ज कर चुके हैं। वर्ष 2014 में 79 हजार 792 मत लेकर उन्होंने ईनेलो के श्याम सुंदर सभरवाल को 37 हजार 391 से हराया वही वर्ष 2019 में 69 हजार मत लेकर उन्होंने कांग्रेस के डॉ एमएल रंगा को 32 हजार 245 मतों से हराया। बावल की जनता ने लगातार दोनों ही चुनाव में उन्हें बंपर वोट दिए। लगातार विधानसभा में हो रहे विकास कार्यों को देखकर विपक्ष के नेताओं के साथ-साथ भाजपा के वे नेता जो विधायक बनने का सपना पाले हुए है उनको डॉ बनवारी लाल द्वारा कराया गया विकास हजम नहीं हो रहा था। ऐसे में सहकारिता विभाग में हुए घोटाले को लेकर विपक्ष के साथ-साथ अपने दल के नेता भी उन पर आरोप लगाने लगे।

रेवाड़ी से कांग्रेस के विधायक चिरंजीव राव ने यह मामला विधानसभा में उठाया और और विधानसभा में दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। यही नहीं तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने डॉ बनवारी लाल को घोटाले को लेकर क्लीन चिट दे दी। यह बात विरोधियों को हजम नहीं हो रही थी 2 दिन पूर्व प्रदेश में हुये राजनीतिक घटनाक्रम के बाद विरोधी यह मानकर चल रहे थे कि डॉ बनवारी लाल तीसरी बार कैबिनेट मंत्री की शपथ नहीं लेंगे लेकिन डॉ बनवारी लाल ने टॉप 5 में जगह बनाई और तीसरी बार बतौर कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। तीसरी बार कैबिनेट की शपथ लेते ही विरोधियों के अरमानों पर एक बार फिर से पानी फिर गया। आज तीसरी बार मंत्री की शपथ लेने के बाद डॉ बनवारी लाल अपने गृह क्षेत्र बावल में पहुंचे जहां बावल जनता ने उनका जोरदार स्वागत किया। खुली जीप में बैठाकर पूरे शहर में स्वागत किया गया। इस मौके पर लोगों ने जमकर आतिशबाजी भी की, जगह-जगह रोक कर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया गया। डॉ बनवारी लाल द्वारा तीसरी बार मंत्रिमंडल में टॉप 5 में शपथ लेने के बाद एक बार फिर से चर्चा में है। तीसरी बार शपथ लेने के बाद विरोधियों को उनके कद का एहसास जरूर हो गया। कुछ दिनों से विरोधी पार्टी के नेता व विधायक बनने का मुगालता पाल रहे नेताओं को अब और कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। कुल मिलाकर इतना जरूर है कि डॉ बनवारी लाल ने विकास के साथ-साथ प्रदेश की राजनीति में अपने कद का एहसास जरूर करा दिया।

# भाजपा जिला कार्यालय पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**एडवोकेट प्रवीण शर्मा बने भाजपा जिला मीडिया सह-प्रभारी।**

**सोम गुर्जर बने खेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक।**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** बृहस्पतिवार को भाजपा जिला कार्यालय पर जिला महामंत्री सत्यदेव यादव की अध्यक्षता में नए दायित्व सौंपे गए व नवनियुक्त पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रमुख बिजेन्द्र यादव डहीना व सोशल मीडिया प्रमुख एडवोकेट नितेश अग्रवाल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। जिला महामंत्री सत्यदेव यादव ने बताया कि एडवोकेट प्रवीण शर्मा को भाजपा जिला मीडिया सह-प्रभारी व सोम गुर्जर को खेल प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। उन्होने बताया कि उनकी इस नियुक्ति को संगठन को मजबूती मिलेगी। एडवोकेट प्रवीण शर्मा विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष भी है तथा पूर्व में रेवाड़ी बार एसोसिएशन के सचिव भी रह चुके है। दोनों पदाधिकारियों ने अपनी इस नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान, महामंत्री सत्यदेव यादव व ईश्वर चनीजा सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है तथा कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाकर उनका मुंह भी मीठा किया गया। वहीं विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनूप धनखड़ भी अपने अधिवक्ता साथियों के साथ उपस्थित रहे। कार्यालय पर उनका व उनकी टीम का भी स्वागत किया गया। इस अवसर पर बावल बार के प्रधान प्रवीण नैचाना, पूर्व प्रधान प्रीतम सिंह ढिल्लों, पूर्व उपप्रधान राकेश यादव, देवेन्द्र चौहान, महिपाल कसाना, ममता यादव, रणधीर यादव, नितिन वर्मा, भरत सिंह, राम सिंह छावड़ी, अमित यादव, योगेश बोलनी, जितेन्द्र सहगल, नितिन चावरिया, पूनम शर्मा, ममता राव, निशा यादव, अंशु राव रमेश यादव, संदीप यादव, दिनेश अग्रवाल, नवीन, मनोज चौधरी, नरेन्द्र यादव, राधेश्याम, मनोज यादव, हीरा सिंह सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स टीम ने धारूहेड़ा में जॉन डॉग के साथ की छापेमारी

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ पी सिह के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के दिशा निर्देश पर समुचे हरियाणा मे नशा तस्करो के खिलाफ कार्यावाही करते हुए 14 मार्च 2024 को हरियाणा राज्य स्वापक नियत्रंण ब्युरो युनिट रेवाड़ी के उप पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार वशिष्ट के दिशा निर्देश पर युनिट रेवाड़ी के ईन्चार्ज इन्सपेक्टर अनिल कुमार की टीम ने जॉन डॉग के साथ धारूहेड़ा की बाल्मीकि बस्ती में नशा खोरों व नशें को पकडने के लिए सर्च अभियान चलाया। दौराने तलाशी नशा मे संलिप्त नशा खोरों के घरो व दुकानों की तलाशी ली गई और नशा मे संलिप्त लोगो को नशा ना बेचने की चेतावनी दी गई। स्नीपर डॉग जॉन से नशा खोरो के घरो व दुकानों की तलाशी ली गई । ईन्चार्ज इन्सपेक्टर अनिल कुमार ने बतलाया



की नशा तस्करी करने वालों के खिलाफ आ रही लगातार शिकायते प्राप्त हो रही है जिसको मद्दे नजर रखते हुए हरियाणा राज्य स्वापक नियत्रंण ब्युरो युनिट रेवाड़ी ने नशा तस्करो की नकेल कसने के लिए सर्च तलाशी अभियान चलाया गया वा हरियाणा राज्य स्वापक नियत्रंण ब्युरो युनिट रेवाड़ी के स्नीपर डॉग जॉन के साथ युनिट रेवाड़ी की टीम ने नशा तस्करो के घरो व दुकानों मे दस्तक दी व मौजुद लोगो को हरियाणा राज्य स्वापक नियत्रंण ब्युरो युनिट रेवाड़ी के टोल फ्री न. 90508-91508 पर सुचना देने बारे जागरुक किया गया वा बतलाया गया कि सुचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# एक महिला को आत्मनिर्भर बनाने में भारत विकास परिषद की बड़ी पहल




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** भारत विकास के महत्वपूर्ण प्रकल्प आत्मनिर्भर समाज के तहत जरूरतमंद परिवार को स्वावलंबी परिवार बनाने की दिशा में रेवाड़ी के जाने माने समाजसेवी रमेश सचदेवा, मोहन गोयल, एस.के.कालरा एवम डॉ आर बी यादव ने रेवाड़ी के कुतबपुर मोहल्ले में एक जरूरतमंद परिवार की मदद करके उनका एक सिलाई केंद्र शुरू करवाया है जिससे वो परिवार आत्मनिर्भर बन सकेगा। श्री सचदेवा ने बताया कि भारत विकास परिषद आगे भी समय समय पर उस परिवार की हर संभव मदद का प्रयास भी करेगा। परिषद के प्रयास से कोई महिला आत्मनिर्भर बनती है उस से बड़े पुण्य का कार्य कोई हो ही नहीं सकता। आत्मनिर्भरता से वह अपना तथा अपने परिवार का भरण पोषण कर सकेगी।

# मनोहर सरकार की सभी पोर्टल से संबंधित योजनाएं और तेज गति से चलाई जाएंगी : डॉ. सतीश खोला



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** पीपीपी के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला ने हरियाणा के नव नियुक्त मुख्यमंत्री नायब सैनी से हरियाणा भवन दिल्ली में मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने मीडिया से बात करते हुए स्पष्ट कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार द्वारा चलाई गई सभी अंत्योदय, पोर्टल की योजनाओं को ओर तेज गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र से संबंधित सभी 67 योजनाओं में नागरिकों को कोई भी समस्या नहीं आने दी जाएगी इनकी और सरलीकरण के लिए ओर ज्यादा तथा गंभीर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मनोहर जी के अथक प्रयास से डीबीटी की सभी योजनाएं समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंच गई है । फिर भी कहीं कमी होगी तो इनको ज्यादा और जल्दी पहुंचाने के लिए ओर ज्यादा काम करेगें ।

हमारी सरकार इसके लिए हर संभव प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आज दिल्ली में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से शिष्टाचार मुलाकात की।

# खूंखार प्रजाति के कुत्ते भारत में बैन

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** एड्वोकेट कैलाश चंद ने बताया कि 12 मार्च 2024 को मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय नई दिल्ली ने एक पत्र जारी किया है जिसमें भारत मे खूंखार कुत्तो को बैन कर दिया गया है। कैलाश चंद एड्वोकेट ने बताया कि हाल ही में पालतू जानवर के रूप में रखे गए कुछ खूंखार नस्ल के कुत्तों के काटने से इंसानों की मौत के गंभीर मुद्दों की ओर मैं आपका आकर्षित करना चाहता हूं। भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग को विभिन्न नागरिकों, नागरिक मंच और पशु कल्याण संगठन आदि से प्रतिनिधित्व प्राप्त हो रहा है, जिसमें कुत्तों की कुछ नस्लों को पालतू और अन्य उद्देश्यों के लिए रखने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष द लीगल अटॉर्नी एंड बैरिस्टर लॉ फर्म बनाम यूओआई एंड ऑर्स शीर्षक से एक रिट याचिका संख्या 15673/2023 दायर की गई, जिसमें कुत्तों की कुछ नस्लों पर प्रतिबंध लगाया गया है। माननीय न्यायालय ने अपने आदेश दिनांक 06.12.2023 में निर्देश दिया कि सभी हितधारकों से परामर्श करने के बाद, यूओआई याचिकाकर्ता के दिनांक 05.10.2023 के प्रतिनिधित्व पर यथासंभव शीघ्र, अधिमानतः, आज से 3 महीने के भीतर निर्णय लेगा। पशुपालन और डेयरी विभाग ने विभिन्न हितधारक संगठनों और विशेषज्ञों के सदस्यों के साथ पशुपालन आयुक्त की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया। समिति ने कुत्तों की निम्नलिखित नस्लों को क्रूर के रूप में पहचाना है जो मानव जीवन के लिए खतरनाक हैं जो इस प्रकार हैं।



जैसे पिटबुल टेरियर, टोसा इनु, अमेरिकन स्टैफोर्डशायर टेरियर, फिला ब्रासीलीरो, डोगो अर्जेंटीनो, अमेरिकन बुलडॉग, बोअरबोएल, कांगल, मध्य एशियाई शेफर्ड डॉग (ओवचार्का), कोकेशियान शेफर्ड डॉग (ओवचार्का), दक्षिण रूसी शेफर्ड कुत्ता (ओवचार्का), टॉर्नजैक, सरप्लानिनैक, जापानी टोसा और अकिता, मास्टिफ्स (बोअरबुल्स), रॉटवीलर, टेरियर्स, रोडेशियन रिजबैक, वुल्फ कुत्ते, कैनारियो, अकबाश कुत्ता। मॉस्को गार्ड कुत्ता, केन कोरो और उस प्रकार का हर कुत्ता जिसे आमतौर पर जाना जाता है।

समिति ने सिफारिश की है कि क्रॉस ब्रीड सहित उपरोक्त कुत्तों की नस्लों को आयात, प्रजनन, पालतू कुत्तों के रूप में बेचने और अन्य उद्देश्यों के लिए प्रतिबंधित किया जाएगा। इसलिए, यह अनुरोध किया जाता है कि स्थानीय निकाय, पशुपालन विभाग उपरोक्त वर्णित कुत्तों की नस्लों की बिक्री, प्रजनन और इन कुत्तों की नस्लों को रखने के लिए कोई लाइसेंस या परमिट जारी नहीं करेगा बलिक इन नस्लों के कुत्तों को रखने पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। स्थानीय निकाय इस संबंध में आवश्यक कार्यान्वयन दिशानिर्देश भी जारी कर सकते हैं। हालाँकि, जिन कुत्तों को पहले से ही पालतू जानवर के रूप में रखा गया है, उनकी नसबंदी की जाएगी ताकि आगे प्रजनन न हो सके।

केंद्र सरकार ने पशु क्रूरता निवारण (कुत्ता प्रजनन और विपणन) नियम, 2017 और पशु निवारण (पालतू जानवर की दुकान) नियम, 2018 प्रकाशित किए हैं। नियमों का कार्यान्वयन निकायों पर निहित है और राज्य पशु कल्याण बोर्ड के साथ-साथ पशु विभाग विभाग। अनुरोध है कि संबंधित अधिकारियों को उपरोक्त नियमों को लागू करने का निर्देश दिया जाए। केंद्र सरकार ने पशु क्रूरता निवारण (कुत्ता प्रजनन और विपणन) नियम, 2017 और पशु क्रूरता निवारण (पालतू जानवर की दुकान) नियम, 2018 प्रकाशित किए हैं। नियमों का कार्यान्वयन निहित है स्थानीय निकाय और राज्य पशु कल्याण बोर्ड के साथ-साथ पशुपालन विभाग। अनुरोध है कि उपरोक्त नियमों को लागू करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए।

पत्र की कॉपी सभी राज्यो के चीफ सेक्रटरी अधिकारियो को भेज दिया गया है।



# मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए आर्थिक सहायता लेने की प्रक्रिया हुई सरल, जरूरतमंदों को आवेदन के 15 दिन में मिलेगी आर्थिक सहायता : उपायुक्त

**आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत या अधिकतम एक लाख रुपये तक मिलेगा लाभ : धीरेंद्र खडग़टा**

**आवेदक साल में केवल एक बार ही ले सकेंगे आर्थिक सहायता :**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा सरकार ने लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की कड़ी में एक और कदम बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर आवेदन करने की सुविधा प्रदान की है। इससे यह प्रक्रिया और अधिक सरल एवं आसान हो गयी है। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने जानकारी देते हुए बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं।

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है, तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें संबंधित एमपी, संबंधित एमएलए, उपायुक्त, सिविल सर्जन, नगर परिषद व नगर पालिकाओं के अध्यक्ष, जिला परिषद के चेयरमैन, पंचायत समिति के चेयरमैन को सदस्य और नगराधीश को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने आवेदन मंजूरी की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि जैसे ही आवेदक आर्थिक सहायता प्राप्त करने के लिए पोर्टल पर अपना आवेदन डालेगा वैसे ही आवेदन को संबंधित क्षेत्र के सांसद, विधायक, अध्यक्ष जिला परिषद, अध्यक्ष ब्लॉक समिति, मेयर/एमसी के अध्यक्ष के पास भेजा जाएगा और ये जनप्रतिनिधि पांच दिन के भीतर अपनी सिफारिशों के साथ डीसी कार्यालय को भेजेंगे। उसके उपरांत आवेदन को डीसी कार्यालय द्वारा संबंधित तहसीलदार को आवेदक की चल-अचल संपतति की वेरिफिकेशन तथा सिविल सर्जन को मेडिकल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए भेजा जाएगा। इस पूरी प्रकिया में संपतति की वेरिफिकेशन के लिए चार दिन व सिविल सर्जन कार्यालय से जुड़े सत्यापन कार्य के लिए पांच दिन की समयसीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त दोनों विभागों से मिली जानकारी को उपायुक्त की संस्तुति के साथ कमेटी के सदस्य सचिव को भेजा जाएगा, जिसे वे सीनियर एकाउंट अधिकारी को भेजेंगे। इसके बाद स्वीकृत की गई राशि सीधे लाभार्थी के खाते में भेज दी जाएगी। डीसी ने कहा कि पूर्व प्रक्रिया की विषमताओं को देखते हुए इस प्रकिया को आम जनता के लिए सरल बनाने के साथ ही समयबद्ध भी किया गया है। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई आवेदक दूसरे राज्य में इलाज करवा रहा है और वह चाहता है कि उपचार की राशि सीधे अस्पताल को मिले तो वह संबंधित अस्पताल की बैंकिंग डिटेल्स भी सांझा कर सकता है।

**इलाज खर्च का 25 प्रतिशत, अधिकतम एक लाख रुपए तक मिलेगा लाभ :**

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता के रूप में इलाज खर्च का 25 प्रतिशत पैसा ही मिलेगा जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख रुपए निर्धारित की गई है। वहीं आवेदक वित्त वर्ष में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

# रेडक्रॉस नूंह ने किया टीबी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**



**नूंह।** भारत सरकार की वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत मुहिम को सफल बनाने के लिए जिला रेडक्रॉस सोसाइटी नूंह के अध्यक्ष धीरेंद्र खडग़टा एवं सचिव देवेंद्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग नूंह के सहयोग से एक दिवसीय मुफ्त टीबी स्क्रीनिंग एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन जाटव भवन, जटिया मोहल्ला, नूंह में किया गया। इस शिविर का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नूंह के चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र ने किया। उन्होंने टीबी एवं अन्य बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि इन बीमारियों से बचने के लिए जागरुकता जरूरी है और रेडक्रॉस सोसायटी नूंह समय-समय पर इस तरह के जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करती है जिसके लिए स्वास्थ्य विभाग भी रैडक्रॉस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलता है। उन्होंने बताया कि किसी भी जन सामान्य को दो हफ्ते से ज्यादा खांसी, तेज बुखार आदि लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचकर बलगम मुफ्त जांच कराएं ताकि इस बीमारी को फैलने से रोका जा सके। इस शिविर में 189 असहाय एवं गरीब परिवारों के सदस्यों ने टीबी जांच, रक्तचाप, ब्लड शुगर, एचआईवी, हीमोग्लोबिन तथा जोड़ों की जांच इत्यादि मुफ्त करवाई। इस अवसर पर शिविर में पहुंचने वाले सभी लाभार्थियों को दवाइयां वितरित की गई। उन्होंने रेडक्रॉस के इस मानव कल्याणकारी कदम की सराहना की और बताया कि मानवहित में कार्य करना अपने आप में बहुत ही सकून की बात है। रैडक्रॉस मानवहित में कार्य करने वाली अंतराष्ट्रीय संस्था है। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने बताया कि रेडक्रॉस का उद्देश्य स्वास्थ्य-सेवा-मित्रता को मद्देनजर रखते हुए इन शिविरों का आयोजन किया गया है। इस शिविर के सफल आयोजन में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. सुनीता जैन, डॉ. मोहम्मद नजीम चिकित्सा अधिकारी, लैब टेक्नीशियन तस्लीम, तौफिक अहमद, आबिद खान, मंजीत नर्सिंग, शहनाज बानो एएनएम, फार्मेसिस्ट एनडी तालीम, इमतियाज, स्टाफ नर्स ज्योति कुमारी, स्वास्थ्य विभाग से मीना कुमारी काउंसलर, सहायक राजेश शर्मा, नरेश डागर, आरिफ काउंसलर, रौनक अली, वसीम आदि का सहयोग रहा।

# स्वास्थ्य शिविर में 147 लोगों की हुई जांच

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**




**नूंह।** बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम के सहयोग से एनीमिया की जांच एवं रोकथाम के उपाय के लिए किए जा रहे शिविरों की कड़ी में एक और नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गुरुवार को उलेटा गांव किया गया। इस शिविर में कुशल चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की एक टीम द्वारा उलेटा गांव की युवा सरपंच संगीता की उपस्थिति में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक 147 लोगों की एनीमिया रक्त परीक्षण, बीपी और ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर की जांच की गई। इस दौरान विशेष रूप से युवा और गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एनीमिया की रोक थाम के लिए संतुलित आहार और कम लागत वाले घर में बने पौष्टिक भोजन के बारे में जानकारी प्रदान की गई जिसे ग्रामीणों द्वारा काफी सराहा गया। इस शिविर में जिला स्वास्थ्य प्रशासन का प्रतिनिधित्व डॉ. कपिल एसएमओ, सीएचसी, नूंह ने किया। शिविर में गतिविधियों का समन्वय बीएसजीएसएस के कृपा शंकर गुप्ता चिकित्सा सलाहकार, अनूप कुमार, निदेशक - संचालनके निर्देशन में चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किया गया।

# रेवाड़ी से चंडीगढ़ तक शुरू हुई वंदे भारत ट्रेन के लिए पारीसा शर्मा ने जताया सरकार का आभार

**कहा- सांसद राव इंद्रजीत के प्रयासों से रेवाड़ी से चंडीगढ़ तक शुरू हो पाई वंदे भारत ट्रेन**

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष एवं परिसगोपाल ट्रस्ट की अध्यक्ष पारीसा शर्मा ने चंडीगढ़ तक वंदे भारत ट्रेन 20977 शुरू होने पर भाजपा सरकार, रेल मंत्री एवं मुख्य रूप से सांसद राव इंद्रजीत सिंह का आभार जताते हुए कहा कि वंदे भारत ट्रेन के रेवाड़ी से शुरू होने से लंबा सफर बेहद कम समय में तय हो पाएगा। उन्होंने पहले ही दिन वंदे भारत ट्रेन में रेवाड़ी से चंडीगढ़ तक की यात्रा की। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 4 घंटे में ट्रेन रेवाड़ी से चंडीगढ़ तक का सफर तय कर लेगी। इससे आमजन को बेहद लाभ मिलेगा क्योंकि ट्रेन में वर्ल्ड क्लास की सुविधा प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार प्रदेश में ऐतिहासिक विकास कार्य संपन्न हो रहे हैं और निश्चित रूप से भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। उनके साथ गोपाल तिवारी, उर्मिल तिवारी, संजीव कौशिक, हेमा कौशिक, अजीत शर्मा, हिया, दिव्यांशी व अन्य यात्रीगण ने रेवाड़ी से चण्डीगढ़ तक की यात्रा का आनंद लिया।

# राव को लोकसभा टिकट मिलने पर व्यापारियों ने जताई खुशी



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को भाजपा की लगातार तीसरी बार गुरुग्राम लोकसभा से टिकट देने की घोषणा करने पर नई अनाज मंडी के व्यापारियों ने खुशी व्यक्ति की है। व्यापारियों ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने राव इंद्रजीत सिंह पर तीसरी बार भरोसा जताकर क्षेत्र के लोगों का दिल जीता है। राव साहब की टिकट पक्की होने पर राव इंद्रजीत सिंह के साथ-साथ केंद्रीय नेतृत्व को व्यापारियों ने लड्डू बांटकर खुशी व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर पूर्व सरपंच देवेंद्र यादव, रिशु यादव, मनोज यादव चेयरमैन, नगर पालिका अटेली के चेयरमैन जितिन अग्रवाल, राजीव बंसल, मनीष अग्रवाल, पार्षद धीरज शर्मा, अमर सिंह सैनी सहित नई अनाज मंडी के काफी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

# इंश्योरेंस कंपनी पर कंज्यूमर फोरम ने लगाया 25 हजार का जुर्माना

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**



**रेवाड़ी।** जिला उपभोक्ता फोरम से लगातार उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील भार्गव ने बताया कि रेवाड़ी निवासी अनिल श्रीवास्तव की तरफ से पैरवी करते हुए एक शिकायत पीएनबी मैटलाइफ इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ 4 अगस्त 2022 को प्रेसिडेंट संजय कुमार खंडूजा जिला उपभोक्ता फोरम रेवाड़ी में दायर की थी। जिसमें एस के खंडूजा प्रेसिडेंट व राजेंद्र प्रसाद सदस्य ने अनिल श्रीवास्तव के हक में अपना फैसला सुनाया।

सुनील भार्गव एडवोकेट ने बताया कि अनिल श्रीवास्तव ने दो पॉलिसी पीएनबी मेटलाइफ में 5-5 साल के लिए करवाई थी लेकिन जब अनिल श्रीवास्तव के पास पीएनबी मेटलाइफ का बॉन्ड आया तो वे परेशान हो गए। उन्होंने देखा कि जो पॉलिसी 5-5 साल की करवाई थी वह पीएनबी मेटलाइफ में 10-10 साल की कर दी। इस बारे अनिल श्रीवास्तव ने अधिकारियों से लिखित व मौखिक शिकायत की मगर किसी ने भी पॉलिसी ठीक ना की। अनिल श्रीवास्तव ने अधिवक्ता सुनील भार्गव के माध्यम से कंज्यूमर फोरम रेवाड़ी में वाद दायर कर दिया। श्री भार्गव ने उपभोक्ता फोरम को बताया कि अनिल श्रीवास्तव ने दो पॉलिसी में कुल 2 लाख 59 हजार 997 रुपए दो किस्त के जमा करवा दिए थे। पॉलिसी के गड़बड़झाले को देखने के बाद किश्ते देना बंद कर दिया तथा कंपनी से अपना पैसा रिफंड मांगा। कंपनी ने न तो उसकी पॉलिसी को ठीक किया व रकम को भी वापस देने से मना कर दिया। श्री भार्गव ने बताया माननीय उपभोक्ता फोरम ने फैसला सुनाते हुए जमा राशि 9 प्रतिशत ब्याज सहित 45 दिन में वापस करने के आदेश दिए, इसके साथ मानसिक प्रताड़ना पर 25 हजार रुपये व 11 हजार रुपए वकील की फीस अदा करने के आदेश दिए। अगर कंपनी 45 दिन के अंदर पैसे वापस नहीं करती है तो उस पर शिकायत करता अपनी दोबारा उपभोक्ता फोरम में इजरा शिकायत दर्ज कर सकता है। उस पर उपभोक्ता फोरम कंपनी पर 3 साल की कैद व एक लाख जुर्माना राशि वह दोनों यानी 3 साल तक की कैद व जुर्माना भी कर सकती है।

# परीक्षा केंद्र से पेपर लीक, 4 अध्यापक व एक छात्र पर एफआईआर

**दो परीक्षा केंद्रों का पॉलिटिकल साइंस विषय का पेपर रद्द**

**समाचार गेट ने चलाई नकल के खिलाफ मुहिम, हरकत में आया विभाग**


**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा में चल रही बोर्ड परीक्षाओं में नक़्ल कराने के मामलों जहां नूंह जिला सुर्ख़ियों में तो वहीं शिक्षा विभाग की नजरे भी इस जिले पर टिकी हुई है। लगातार शिक्षा विभाग और पुलिस प्रशासन नकलचियों पर कार्रवाई करने में जुटा हुआ है। लेकिन नकलचियों के हौंसले भी बुलंद होते जा रहे हैं। बीते मंगलवार को पुन्हाना के निजी स्कूलों में 10 वीं कक्षा के गणित विषय के पेपर में हो रही नकल की खबर को समाचार गेट ने प्रमुखता से उठाते हुए विभाग को आइना दिखाया। जिसके बाद शिक्षा विभाग के अधिकारी हरकत में आए और बुधवार को पुन्हाना के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान 12वीं कक्षा के पॉलिटिकल साइंस विषय के पेपर को परीक्षा केंद्र से आउट करने के मामले में बोर्ड अधीक्षक द्वारा पुन्हाना थाना में शिकायत देकर परीक्षार्थी, केंद्र अधीक्षक,2 ऑब्जर्वर और सुपरवाइजर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। विभाग की इस कार्रवाई से आसपास के परीक्षा केंद्रों में हड़कंप मच गया। बोर्ड उड़नदस्ते द्वारा पुन्हाना के दो परीक्षा केंद्रों पर अनियमितता पाई गई जिसके बाद दोनों केंद्रों को रद्द कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार बोर्ड चेयरमैन वीपी यादव के आदेश पर बोर्ड उड़नदस्ता नक़्ल रोकने के लिए पुन्हाना के परीक्षा केंद्रों का निरक्षण कर रह था, उसी दौरान टीम को भिवानी बोर्ड सूचना प्राप्त हुई थी कि पुन्हाना के राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय से 294445 प्रश्न पत्र व्हाट्सएप के माध्यम से वायरल किया गया है। इसके बाद परीक्षा केंद्र में पेपर दे रहे छात्र को दबोचा गया। जांच में पता लगा कि यह प्रश्न पत्र एग्जाम शुरू होने से पहले ही वायरल किया गया था। जिस संबंध में बोर्ड उड़न दस्ते द्वारा परीक्षा केंद्र में तैनात केंद्र अधीक्षक खुशी मोहम्मद, सुपरवाइजर सोनिया रानी, परीक्षार्थी अनस, ऑब्जर्वर जसीम खान और ऑब्जर्वर दिनेश के खिलाफ पुन्हाना थाना में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया है। इसके अलावा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने पुन्हाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया, वहां भी परीक्षा केंद्र में काफी अनियमिताएं पाई गई। इसके बाद दोनों एग्जाम सेंटरों को रद्द कर दिया गया है।

**नकल कराने परीक्षा केंद्र में घुसे 5 नकलची भी अरेस्ट :**

परीक्षा केंद्र पर हो रही नकल को लेकर जहां शिक्षा विभाग पूरी तरह सख्त दिखाई दे रहा है तो वहीं पुलिस प्रशासन भी अपनी कार्रवाई में जुटा हुआ है। बुधवार को पुन्हाना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने वाले पांच नकलचियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह सभी आरोपी परीक्षार्थियों तक चीटिंग पर्चियां पहुंचने का काम कर रहे थे। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 144 का उल्लंघन करने के जुर्म में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पुन्हाना थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि नकल को लेकर पुलिस पूरी तरह से एक्शन मोड में है। पुलिस लगातार ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर रही है जो परीक्षा केंद्रों पर उत्पात मचाने का काम कर रहे हैं। बुधवार को पांच लोगो को परीक्षा केंद्र से चीटिंग पर्चियां पहुंचने के जुर्म में गिरफ्तार किया हैं। इसके साथ ही बोर्ड अधीक्षक की शिकायत के आधार पर चार अध्यापक व परीक्षार्थी पर प्रश्न पत्र वायरल करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। जांच जारी है, जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# नायब सैनी की हरियाणा के मुख्यमंत्री पद पर नियुक्ति पूर्णत : कानूनी और संवैधानिक

## मौजूदा सांसद बिना त्यागपत्र दिए बन सकता है प्रदेश का मुख्यमंत्री : एडवोकेट हेमंत

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** देश की संसद के मौजूदा सदस्य अर्थात सांसद को प्रदेश के मुख्यमंत्री (सी.एम.) के तौर पर नियुक्त किया जा सकता है और ऐसी नियुक्ति में किसी भी प्रकार का संवैधानिक या कानूनी प्रतिबंध (निषेध) नहीं है, यह कहना है पंजाब और हरियाणा एडवोकेट हेमंत कुमार का. गत मंगलवार 12 मार्च को कुरूक्षेत्र लोकसभा सीट से मौजूदा भाजपा सांसद नायब सिंह सैनी को मनोहर लाल खट्टर के स्थान पर हरियाणा का नया मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया.

बीते दिनों हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में नायब सैनी की नियुक्ति को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) में इस आधार पर चुनौती दी गई है कि चूंकि वह सांसद होने के फलस्वरूप भारत सरकार के तहत लाभ के पद के धारक हैं एवं हरियाणा विधानसभा का सदस्य हुए बिना राज्य के मुख्यमंत्री का पद लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के साथ-साथ भारत के संविधान के प्रावधानों के तहत सांसद के पद से अयोग्यता को आमंत्रित करता है.

हालाँकि एडवोकेट हेमंत का स्पष्ट कानूनी मत है कि सबसे पहले तो एक मौजूदा सांसद को प्रदेश का मुख्यमंत्री नियुक्त किए जाने पर कोई कानूनी रोक नहीं है क्योंकि भारत के संविधान के अनुसार, लाभ के पद की अवधारणा संसद के किसी सदन या राज्य विधानमंडल का सदस्य चुने जाने और ऐसा सदस्य बने रहने के मामले में ही लागू होती है. यह अवधारणा एक मौजूदा सांसद की राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्ति के मामले में लागू नहीं होता है. इसके अलावा, यहां तक कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का पद भी लाभ का पद नहीं है क्योंकि इसे भारतीय संसद (अयोग्यता निवारण) अधिनियम, 1959 के तहत बाहर रखा गया है। प्रासंगिक है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 102 के अनुसार, एक व्यक्ति को संसद के किसी सदन का सदस्य चुने जाने और बने रहने के लिए अयोग्य ठहराया जाएगा यदि वह भारत सरकार या किसी राज्य की सरकार के तहत लाभ का कोई पद धारण करता है हालांकि संसद द्वारा बनाए कानून द्वारा अपवाद के तौर पर घोषित किए पद के धारक को इस आधार पर अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता है. इसलिए किसी राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त होने के बाद भी मौजूदा सांसद के अयोग्य होने का कोई सवाल ही नहीं उठता है.



हेमंत ने आगे बताया कि चूंकि हरियाणा के नए सीएम नायब सिंह सैनी फिलहाल मौजूदा 14 वीं हरियाणा विधानसभा के सदस्य नहीं हैं, इसलिए भारत देश के संविधान के अनुच्छेद 164(4) के अनुसार गैर-विधायक के तौर पर में वह पदभार संभालने से केवल छह महीने यानी 11 सितंबर 2024 तक ही मुख्यमंत्री पद पर बने रह सकते हैं. हालांकि यदि वह उपरोक्त तिथि से पहले प्रदेश विधानसभा की रिक्त सीट का उपचुनाव जीतकर विधायक बनते हैं, तो पद पर बने रह सकते हैं.

चूंकि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 13 मार्च को करनाल विधानसभा सीट से विधायक के तौर पर त्यागपत्र दे दिया है, इसलिए भारतीय चुनाव आयोग नए सीएम नायब सैनी को हरियाणा विधानसभा का सदस्य बनने का मौका देने के लिए करनाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव करा सकता है. कानूनी तौर पर यदि पूर्व (इस्तीफा देने वाले) विधायक का शेष कार्यकाल एक वर्ष से कम है तो उपचुनाव नहीं कराया जाता है. चूंकि वर्तमान हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर 2024 तक है, इसलिए पूर्व विधायक और पूर्व सीएम मनोहर लाल का करनाल से विधायक के रूप में शेष कार्यकाल आठ महीने से कम है.

हेमंत ने बताया कि वर्ष 1986 में भी ऐसा हुआ था जब हरियाणा में तत्कालीन मुख्यमंत्री भजन लाल को बदल कर लोकसभा सांसद बंसी लाल को मुख्यमंत्री बनाया गया था एवं तत्कालीन हरियाणा विधानसभा की एक वर्ष से कम अवधि शेष होने बावजूद भिवानी जिले की तोशाम विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराया गया था जिसमें बंसी लाल रिकॉर्ड मार्जिन से निर्वाचित होकर विधायक बने थे. उस अल्प-अवधि के लिए कराए गए उपचुनाव को हालांकि दिल्ली हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती दी गयी परन्तु दोनों शीर्ष अदालतों ने उसमें हस्तक्षेप नहीं किया था. इसी प्रकार वर्ष 1999 में ओडिशा के तत्कालीन मुख्यमंत्री और लोकसभा सांसद गिरिधर गमांग के लिए भी अल्प-अवधि के लिए विधानसभा उपचुनाव कराया गया था जिसे जीतकर वह विधायक बने थे.

# मैं किसी से रेस नहीं लगाता, सरकारों से सीधी कुश्ती लड़ता हूँ : नवीन जयहिन्द

## पहरावर जमीन से कब्जा छुड़वाने वाले केस को लेकर कोर्ट में पेश हुए जयहिन्द

**समाचार गेट ब्यूरो**

**रोहतक।** जैसा कि आप सभी जानते है कि पहरावर की 16 एकड़ जमीन पर दो-दो सरकारो का कब्जा था जिस पर से जयहिंद सेना प्रमुख नवीन जयहिन्द कब्जा छुड़वाने वहां पहुंचे तो उनपर केस किया गया जिसकी तारीख पर जयहिन्द आज वीरवार 14 मार्च को रोहतक कोर्ट पहुंचे। जयहिन्द ने बताया कि जज साहब कर्णदीप जी ने 16 मार्च को हमे दोबारा से बुलाया है जिसमे चार्ज फ्रेम होने है।




इस मौके पर जयहिन्द के साथ उनके वकील एडवोकेट मदनलाल भारतीय व एडवोकेट गौरव भारतीय मौजूद रहे। जयहिन्द ने कहा कि सरकार ने पहरावर की जमीन वापिस तो दे दी है लेकिन इसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ उस 36 बिरादरी के भाईचारे को है जिसने उस जमीन से सरकार का कब्जा छुड़वाने में अहम भूमिका निभाई थी।

एक पत्रकार साथी के सवाल का जवाब देते हुए जयहिन्द ने बताया कि मैं किसी से रेस नही लगता, मैं सीधी कुश्ती करता हूँ। मुझे सुबह बीजेपी का ओर रात को कांग्रेस का बना देते है तो कभी कोई एमपी, एमएलए बना देता है। हवा में कुछ भी चलता रहता है। आने वाले चार-पांच दिनों सबको सब पता चल जाएगा कि क्या होने वाला है और क्या नही। बाकी हम सड़क पर ठीक है, हमे संघर्ष करने में मजा आता है और हम संघर्ष करते रहेंगे।

# छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी, नए दौर में लिखेंगे हम मिलकर नई कहानी : अनिल विज

**हारने वाली पार्टियों के लिए ईवीएम हमेशा विलेन रहा है, बातों से पता चल जाता है कि इनकी दुर्गति होने वाली है : अनिल विज**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता देकर लोगों को नया जीवन दिया ताकि उनके बच्चे आगे बढ़ सके, इसमें विपक्षियों को क्या तकलीफ है : विज**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज ने प्रदेश में भाजपा-जजपा गठबंधन टूटने के प्रश्न पर अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि क्या, कब, कैसे और क्यों हुआ, मुझे कुछ नहीं मालूम। उन्होंने इसके प्रश्चात गीत गुनगुनाते हुए कहा कि छोड़ों कल की बातें, कल की बात पुरानी, नए दौर में लिखेंगे हम मिलकर नई कहानी, हम हिंदुस्तानी-हम हिंदुस्तानी।

श्री विज आज प्रात: अंबाला के सदर बाजार स्थित अपने टी-प्वाइंट पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। विपक्षी पार्टियों द्वारा ईवीएम पर सवाल खड़े करने के प्रश्न पर पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने तंज कसते हुए कहा कि हारने वाली पार्टियों के लिए ईवीएम हमेशा विलेन रहा है। जिन्होंने हारना है वह पहले ही इसका रोना रोते रहते है, विज ने कहा कि हम कोई ज्योतिष नहीं है लेकिन फिर भी इन्ही बातो से हमें पता चल जाता है कि इनकी कैसी दुर्गति होने वाली है।

**सीएए कानून है, किसी के चाहने या नहीं चाहने से कुछ नहीं होता : अनिल विज**

देश में लागू हुए सीएए कानून पर पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह कानून है, किसी के चाहने या न चाहने से कुछ नहीं होता। विज ने कहा कि जब यह कानून बन गया है कि 2014 से पहले जितने भी विस्थापित पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान से आये हुए है और नॉन मुस्लिम है उनको सिटीजनशिप दी जाए, जो अब कानून बन गया। वहीं, राहुल गांधी व कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि राहुल गांधी अच्छी तरह सोच लें कि उन्हें क्या कहना है, हर बात पर एक बात कहना ठीक बात नहीं है। कांग्रेस की यह बहुत बड़ी भूल और बिना दिमाग के जो धर्म आधार पर देश का बंटवारा कराया जिसमें लाखों लोग बलि चढ़ गए। जो नहीं आ पाए और वहां रह गए और धार्मिकता के कारण जिनके साथ ज्यातियां हुई या मारे-काटे गए, यदि वह किसी तरह अब हिंदुस्तान में आ गए तो वह अपनी मातृभूमि में आए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने उन्हें नागरिकता देकर उन्हें नया जीवन दिया है ताकि उनके बच्चे आगे बढ़ सके। इसमें किसी को क्या तकलीफ है, किसी का कुछ छीना नहीं जा रहा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक पार्टियों का काम बोलना होता है, मगर वह तब बोले जब कुछ छीना जा रहा हो, हम तो कुछ दे ही रहे हैं इसमें विपक्षियों को क्या तकलीफ है।

वहीं, कांग्रेस ने एक ब्यान में कहा है कि उनकी सरकार आने पर महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये देंगे, इस पर विज ने कांग्रेस से सवाल कर डाला कि यह बात कौन सी कांग्रेस ने कही है हुड्डा कांग्रेस, सैलजा कांग्रेस या राहुल गांधी की कांग्रेस। आज किसानों की दिल्ली में महापंचायत पर अनिल विज ने कहा कि शांतिपूर्वक आंदोलन करने का अधिकार सबको है और अच्छी बात है कि उन्हें अपनी बात कहने का मौका मिला।

# लोकसभा चुनाव का मोर्चा खुला



**समाचार गेट ब्यूरो**

हरियाणा ही नहीं देश में लोकसभा चुनाव का मोर्चा खुल गया है। टिकट फेंटे जा रहे हैं, जैसे ताश के पत्ते ! अभी आज हरियाणा की सूची देखी भाजपा की। दस में से छह लोकसभा क्षेत्रों के प्रत्याशी घोषित कर दिये ।जैसी कि चर्चा थी, सिरसा से सिटिंग सांसद सुनीता दुग्गल का टिकट कट गया । उनका फीडबैक यानी रिपोर्ट कार्ड दोबारा टिकट न दिला पाया ।इनकी जगह कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष रहे और तृणमूल कांग्रेस व आप से होते हुए भाजपा में आये अशोक तंवर को टिकट देकर सम्मानित किया गया है एक प्रकार से । दलबदल का सम्मान ? या संदेश कि दलबदल कोई बुरी बात नहीं । इसी प्रकार करनाल से सिटिंग सांसद संजय भाटिया का पत्ता भी साफ हो गया । इनकी जगह पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को करनाल से मैदान में उतार दिया गया है । अभी पूर्व मुख्यमंत्री ने करनाल के विधायक पद से भी इस्तीफा दे दिया है। बाकी चार सांसदों पर भरोसा जताया गया और फिर टिकट दिये गये हैं ।हिसार से भाजपा सांसद रहे व पूर्व आईएएस अधिकारी बृजेन्द्र सिंह नेता पहले ही न केवल सांसद के तौर पर बल्कि भाजपा की सदस्यता से इस्तीफा देकर कांग्रेस का हाथ थाम लिया । अभी हिसार का प्रत्याशी घोषित होना बाकी है । अम्बाला से यह उम्मीद की जा रही थी कि स्वर्गीय रतनलाल कटारिया के किसी परिवारजन को भाजपा टिकट दी जायेगी और ऐसा ही हुआ। पूर्व सांसद रहे कटारिया की धर्मपत्नी बंतो कटारिया को टिकट दिया गया है, जिससे कि सहानुभूति लहर का सहारा मिल सके ।यह हमारे देश में स्वाभाविक सी बात है ।

हैरानी हुई थी कांग्रेस की सूची देखकर कि अभी भी इसमें सुधार की गुंजाइश कम क्यों है ? तीन तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटे कांग्रेस के प्रत्याशियों की सूची में शामिल हैं । गर याद हो तो जिन दिनों राहुल गाँधी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तब वे उन दिनों मुख्यमंत्रियों द्वारा दबाब बना कर अपने लालों के लिए लोकसभा टिकट मांगने का बुरी तरह दबाब बनाये हुए थे, जिससे राहुल गाँधी को यह अहसास हो गया कि कांग्रेस में आमूलचूल परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है लेकिन टिकट अब भी पूर्व मुख्यमंत्रियों के बेटों की ही झोली में डाल दिये गये ।क्या ये पूर्व मुख्यमंत्री यह विश्वास दिला पाये कि वे अपने लाडलों को लोकसभा के रण में जिता कर कांग्रेस के हाथ मजबूत कर देंगे ?

अफसोस यह भी कि राहुल गाँधी इस बार भी अमेठी से चुनाव नहीं लड़ रहे । आखिर अपनी ज़मीन, अपना आधार किसलिए छोड़ रहे हैं ? क्या अमेठी की जनता पर अब विश्वास नहीं रहा ? क्या रणछोड़दास ही रहेंगे ?

हिमाचल से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और युवा नेता अनुराग ठाकुर को फिर से मैदान में उतारा गया है।

इस तरह अभी टिकटों का मोर्चा खुला है, किश्तों में टिकट बांटने की सूचियां आ रही हैं और अभी टिकट के लिए सभी गोटियां चल रहे हैं। अंतिम समय पर कौन, किसको मात दे दे, कोई कह नहीं सकता!

# भाजपा सत्ता की डोर तो संघी मनुवादी व्यवस्था में विश्वास रखने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पास है : विद्रोही

**सामाजिक न्याय के लिए जहां पिछडे, दलित, आदिवासी वर्ग की सत्ता व प्रशासन में उच्च पदों पर भागीदारी के साथ सामाजिक न्याय का एजेंडा भी जरूरी है : विद्रोही**

**जब नीतिया ही पिछडे, दलित, आदिवासी विरोधी हो, उनको हकों के छीनने वाली हो, फिर इन वर्ग के नेताओं को मंत्री या मुख्यमंत्री पदों पर सजावटी कठपुतलियों की तरह बैठाने का क्या औचित्य है? विद्रोही**



**समाचार गेट ब्यूरो**

स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने सवाल किया कि जब प्रधानमंत्री मोदी जी अपने को ओबीसी कहते है व हरियाणा में खट्टर को हटाकर ओबीसी के नाम पर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाया है, फिर भी ओबीसी वर्ग को सामाजिक न्याय देने भाजपा जातिगत गणना से क्यों भाग रही है ? विद्रोही ने सवाल किया कि ओबीसी वर्ग के व्यक्ति को उच्च पद पर बैठा दो और संघी हिन्दुत्व की मनुवादी व्यवस्था के अनुसार भाजपा समाज, देश का निर्माण करे, ऐसी स्थिति में पिछडे, दलित, आदिवासी वर्ग को सामाजिक न्याय कैसे मिल सकता है ? सामाजिक न्याय के लिए जहां पिछडे, दलित, आदिवासी वर्ग की सत्ता व प्रशासन में उच्च पदों पर भागीदारी के साथ सामाजिक न्याय का एजेंडा भी जरूरी है। साम्प्रदायिक उन्माद, नफरत, बटवारे की संघी मनुवादी व्यवस्था का एजेंडा कभी भी सामाजिक न्याय का वाहक नही बन सकता। भाजपाई-संघीयों की यह सोच पिछडे, दलित, आदिवासी वर्गो के हितों की विरोधी है।

विद्रोही ने कहा कि अपने को ओबीसी कहने वाले प्रधानमंत्री मोदीजी के होते हुए जब उच्च प्रशासनिक अधिकारियों की बिना यूपीएससी परीक्षा पास किये पर्र्दे के पीछे से सीधी संयुक्त सचिव पद पर केन्द्र में नियुक्तियां हो रही है और वे सभी नियुक्तियां भी उच्च स्वर्ण वर्ग से हो रही है तो फिर ऐसा प्रधानमंत्री ओबीसी वर्ग का है या नही इससे क्या फर्क पडता है। पिछडों, दलितों व आदिवासी वर्ग के अधिकारों को जब तक सत्ता दुरूपयोग से सुनियोजित ढंग से छीना जाता रहेगा तब तक मोदी-भाजपा-संघी सरकार में कितने पिछडे, दलित व आदिवासी केन्द्र व राज्यों के मंत्री या मुख्यमंत्री है, इससे क्या असर पडता है ? जब नीतिया ही पिछडे, दलित, आदिवासी विरोधी हो, उनको हकों के छीनने वाली हो, फिर इन वर्ग के नेताओं को मंत्री या मुख्यमंत्री पदों पर सजावटी कठपुतलियों की तरह बैठाने का क्या औचित्य है ?

विद्रोही ने कहा कि भाजपा सत्ता की डोर तो संघी मनुवादी व्यवस्था में विश्वास रखने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पास है। नागपुर में बैठा संघ पिछडे, दलितों व आदिवासी वर्ग की सत्ता में सजावटी कठपुतलियों पर अपने इशारे पर नचाकर इन वर्गो के पैरों पर कुल्हाडी मरवाता है। ऐसी स्थिति में पिछडे, दलितों, आदिवासियों को सामाजिक न्याय व सत्ता में स्वतंत्र भागीदारी कैसे मिल सकती है ? विद्रोही ने पिछडे, दलितों व आदिवासी वर्ग से सीधा सवाल किया कि वे भाजपा-संघ के साथ रहकर मनुवादी कठपुतली बनना चाहते है या कांग्रेस-इंडिया एलायंस का साथ देकर सामाजिक न्याय के एजेंडे के आधार पर देश को चलाना चाहते है, यह उन्ही तो तय करना होगा।

# निराश्रित बच्चों को मिलना चाहिए सरकार की योजनाओं का लाभ : प्रवीन जोशी

## हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन ने किया बाल गृहों का निरीक्षण



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन प्रवीन जोशी ने गुरूग्राम के बाल सुधार गृहों का निरीक्षण किया और बच्चों के लालन-पालन की व्यवस्था व उनकी शिक्षा एवं सेहत के बारे में जानकारी ली।

हरियाणा बाल अधिकार संरक्षण आयोग की चेयरपर्सन प्रवीन जोशी ने गुरूग्राम में लड़के व लड़कियों के लिए अलग-अलग चलाए जा रहे उड़ान केयर होम का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में चलाई जा रही संस्था दी शैल्टर प्रोगेटो इंडिया का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रवीन जोशी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने निराश्रित बच्चों की भलाई और उनकी शिक्षा के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हुई हैं। इन योजनाओं का लाभ बच्चों को मिलना चाहिए। इन सभी बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित रूप से जांच करवाई जाए और जो भी दवाईयां या इंजेक्शन स्वास्थ्य विभाग की ओर से बच्चों को लगाए जाते हैं, वे समय पर दिए जाने चाहिए। इस अवसर पर चाइल्ड केयर होम के संचालक तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की कर्मचारी उपस्थित रहीं।

